दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 79 | सीकर, शनिवार 16 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# अन्याय या अक्षमता...?
## आयुष भर्ती पर उठे सवाल
## परिणाम के बाद विवाद : आयुष भर्ती में देरी से 1535 पद खाली

सपना शर्मा

**जयपुर/झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयुष चिकित्सा अधिकारी भर्ती प्रक्रिया इन दिनों गंभीर विवादों में घिर गई है। परीक्षा पूरी पारदर्शिता और निर्धारित नियमों के अनुरूप संपन्न होने के बावजूद, कुछ असफल अभ्यर्थियों द्वारा तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के आरोप लग रहे हैं, जिससे न केवल योग्य अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है बल्कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित होने की आशंका है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 17 जुलाई 2025 को लघु विज्ञापन जारी कर संयुक्त भर्ती परीक्षा की घोषणा की थी। इस परीक्षा का उद्देश्य विभिन्न आयुष वर्गों के बीच से सर्वाधिक योग्य अभ्यर्थियों का चयन करना था। परीक्षा पैटर्न में 40 प्रतिशत प्रश्न सामान्य ज्ञान और 60 प्रतिशत प्रश्न संबंधित विषयों से पूछे गए। परीक्षा 26 दिसंबर 2025 को शांतिपूर्ण और बिना किसी विवाद के संपन्न हुई। उस समय तक किसी भी वर्ग की ओर से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई थी।

उल्टा विभिन्न चिकित्सक संगठनों ने सभी 1535 पदों को मेरिट के आधार पर भरने की मांग की थी। लेकिन 10 अप्रैल 2026 को परिणाम घोषित होते ही स्थिति बदल गई। कुछ असफल होम्योपैथी और यूनानी अभ्यर्थियों के समूह ने परीक्षा के कठिन होने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालांकि इस दावे पर सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले डॉ हेमंत कुमार शर्मा स्वयं होम्योपैथी वर्ग से हैं।

### मामला कोर्ट में प्रक्रिया अधीन

21 अप्रैल 2026 को नॉर्मलाइजेशन को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई, जिसके बाद 24 अप्रैल को न्यायालय ने पूरी भर्ती प्रक्रिया को अपने आदेश के अधीन कर लिया। हालांकि अभी तक किसी प्रकार का स्थगन आदेश जारी नहीं किया गया है।

### यूं चली भर्ती प्रक्रिया

17 जुलाई 2025 - लघु विज्ञापन जारी
23 सितंबर 2025 - मेरिट से चयन की अनुशंसा
10 अक्टूबर 2025 - विस्तृत विज्ञापन
26 दिसंबर 2025 - परीक्षा संपन्न
10 अप्रैल 2026 - परिणाम घोषित
21 अप्रैल 2026 - याचिका दायर
24 अप्रैल 2026 - प्रक्रिया कोर्ट के अधीन

### क्या कहते हैं अभ्यर्थी

1 प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले डॉ हेमंत कुमार शर्मा के अनुसार तीनों विषयों के प्रश्नपत्रों का स्तर समान था। जो विद्यार्थी गंभीर तैयारी करके आए थे, उनके लिए परीक्षा कठिन नहीं थी।
2 एक आयुर्वेद चिकित्सक ने भी बताया कि आयुर्वेद विद्यार्थी शुरुआत से ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, जिससे उनका प्रदर्शन बेहतर रहता है। निरन्तर अभ्यास सफलता की कुंजी है।
3 एक चयनित अभ्यर्थी ने कहा जब चयन हो गया अब शीघ्रता से दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही को पूरा कर नियुक्ति दी जानी चाहिए। परीक्षा परिणाम के बाद विरोध का कोई औचित्य नहीं होता।

### पड़ताल में सामने आए तथ्य

जांच में यह भी सामने आया कि एनटीए द्वारा आयोजित एआईएपीजीईटी परीक्षा में आयुर्वेद अभ्यर्थियों की संख्या होम्योपैथी से तीन गुना और यूनानी से नौ गुना अधिक थी, जिससे प्रतिस्पर्धा स्तर में अंतर स्वाभाविक माना जा रहा है। साथ ही बोर्ड द्वारा विभिन्न विषयों में हटाए गए प्रश्नों के प्रभाव को संतुलित करने के लिए स्केलिंग पद्धति अपनाई गई थी ताकि किसी एक वर्ग को अनुचित लाभ न मिले।

**नियम क्या कहते हैं ?**-सर्वोच्च न्यायालय के कई निर्णयों में स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा प्रक्रिया के नियम बीच में नहीं बदले जा सकते और परीक्षा में शामिल होना, विज्ञापन की शर्तों को स्वीकार करना माना जाता है।

**बड़े सवाल**-जब न्यायालय ने स्टे नहीं दिया, तो डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन क्यों शुरू नहीं हुआ ?

राज्य में खाली पड़े आयुष चिकित्साधिकारी पदों पर नियुक्ति कब होगी ?

**वर्तमान स्थिति**-चयनित अभ्यर्थी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन जल्द शुरू कराने की मांग कर रहे हैं

कुछ असफल अभ्यर्थी कोर्ट में मामला होने के बावजूद विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं

चयनित अभ्यर्थियों ने न्याय प्रक्रिया में बाधा डालने के आरोप में कार्रवाई की मांग भी की है।

**मेरिट बनाम नॉर्मलाइजेशन**-यह पूरा विवाद अब मेरिट बनाम नॉर्मलाइजेशन की लड़ाई बन चुका है। एक ओर योग्य अभ्यर्थी अपने चयन को सुरक्षित रखना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर विरोध कर रहे अभ्यर्थी नियमों में बदलाव की मांग कर रहे हैं।

इस बीच राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं और ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता प्रभावित होने की आशंका बढ़ती जा रही है।

# पेट्रोल-डीजल 3-3 रू महंगे हुए



## दिल्ली में पेट्रोल 97.77 लीटर हुआ, कंपनियों को अभी भी 25-30 प्रति लीटर का घाटा

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। डीजल की कीमत 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है।

नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है। वहीं कंपनियों को अभी भी पेट्रोल-डीजल पर 25-30 प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ प्रमुख शहरों में सीएनजी भी 2 प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 खर्च करने होंगे।

### राहुल बोले- मोदी सरकार की गलती की कीमत जनता चुकाएगी


इस बीच राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर लिखा, गलती मोदी सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी। उन्होंने आगे कहा कि 3 रुपए का झटका तो लग चुका है, बाकी की वसूली अभी किस्तों में की जाएगी। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार की गलतियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### अन्य चीजों के दाम भी बढ़ सकते हैं...

**डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर आम आदमी की जेब और किचन पर पड़ता है। इसे ऐसे समझिए:**

**मालभाड़ा बढ़ेगा:** ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे।
**खेती की लागत:** ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी।
**बस-ऑटो का किराया:** सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है।

# नीट अगले साल से ऑनलाइन होगी
## इस साल रद्द हुई परीक्षा 21 जून को, यह पेपर-पेंसिल से होगी; सरकार ने माना- पेपर लीक हुए





नई दिल्ली।

अगले सत्र से नीट-यूजी परीक्षा ऑनलाइन होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने माना कि 3 मई को हुई नीट-त्त-2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे। उन्होंने कहा, हम नहीं चाहते थे कि कोई गलत कैंडिडेट सिलेक्ट हो जाए। इसलिए हमने बड़ी जिम्मेदारी से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया।

अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। 7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया। शिक्षा मंत्री ने कहा, 'रीएग्जाम में छात्रों को 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम मिलेगा। छात्र रीएग्जाम में अपनी पसंद का सेंटर चुन पाएंगे।' इससे पहले 3 मई को यह एग्जाम देश के 551 और विदेशों के 14 शहरों में हुई था। इसके लिए 5400 से ज्यादा एग्जाम सेंटर्स बनाए गए थे।

### धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, छात्रों के आने-जाने के लिए राज्यों से बात करूंगा

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, राधाकृष्ण समिति की सिफारिशों का पालन करने के बावजूद यह उल्लंघन कैसे हुआ। ऐसे में सरकारी मशीनरी यह सुनिश्चित करेगी कि इस बार कोई अनियमितता न हो। मंत्री के रूप में, अभिभावक के रूप में, अधिकारी के रूप में हमें परीक्षा रद्द करने का कठिन निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमें सुधारों के लिए कई सुझाव मिले हैं। हम इस पर काम कर रहे हैं। एनटीए का गठन सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार हुआ था। इसके अलावा मैं उम्मीदवारों के परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों से बात करूंगा।

### नीट पेपर लीक केस में अब तक 7 गिरफ्तारियां

सीबीआई ने इस मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 5 यानी राजस्थान से पकड़े गए मांगी लाल बिंवाल, जमवारामगढ़ के भाई दिनेश बिंवाल, बेटा विकास बिंवाल, हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया।

कोर्ट ने पांचों आरोपियों को 7 दिन की कस्टडी में भेज दिया है। सीबीआई ने इनके अलावा, पुणे से ब्यूटीशियन मनीषा वाघमारे, नासिक से धनंजय लोखंडे को गिरफ्तार किया था। दिल्ली कोर्ट ने शुक्रवार को लोखंडे को 6 दिन की सीबीआई कस्टडी में भेजा है।

# भारत-यूएई के बीच एलपीजी सप्लाई पर समझौता
## राष्ट्रपति अल नाहयान के साथ बैठक में फैसला, मोदी के प्लेन को एफ-16 फाइटर जेट से सुरक्षा दी गई



दुबई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई दौरे पर पहुंचे हैं। अबूधाबी पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूएई एयरफोर्स के एफ-16 फाइटर जेट्स ने प्रधानमंत्री के विमान को एस्कॉर्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों देशों के बीच एलपीजी सप्लाई को लेकर अहम समझौता हुआ। इसके अलावा स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व, रक्षा सहयोग और वडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर से जुड़े एमओयू भी साइन किए गए। यूएई ने भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब डॉलर निवेश का ऐलान भी किया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश और वेस्ट एशिया के हालात पर चर्चा की।

### मोदी का यूएई दौरा खत्म, नीदरलैंड के लिए रवाना हुए

प्रधानमंत्री मोदी का यूएई दौरा खत्म हो गया हैं। उनका यह दौरा केवल करीब 180 मिनट का था। इस दौरे में भारत और यूएई के बीच कई समझौतों पर सहमति बनी। इसमें एलपीजी सप्लाई और ऊर्जा समझौता सबसे अमह माना जा रहा है। इसके अलावा, पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई जिसमें पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बारे में भी बात हुई। पीएम 15 से 17 मई तक (3 दिन) नीदरलैंड दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। यह दौरा भारत और नीदरलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत बनाने के लिहाज से काफी अहम है।

### मोदी बोले- हर हालात में यूएई के साथ खड़ा है भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बातचीत में कहा कि भारत हर परिस्थिति में यूएई के साथ मजबूती से खड़ा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम मोदी ने कहा कि भारत और यूएई के रिश्ते बेहद मजबूत हैं। उन्होंने यूएई को अपना दूसरा घर बताते हुए गर्मजोशी से स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने कहा, मैं इस शानदार स्वागत के लिए दिल से आभार जताता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि यूएई एयर फोर्स के लड़ाकू विमानों द्वारा उनके विमान को एस्कॉर्ट किया जाना भारत के लोगों के लिए गर्व की बात है।

# पालिका में रिकॉर्ड तोड़ भ्रष्टाचार, सरकार को करोड़ों का नुकसान : गोदारा
## चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने शुक्रवार को राजलदेसर राजकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विधायक चिकित्सालय पहुँचे। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में दवाइयों की कमी, साफ-सफाई व्यवस्था और स्टाफ की अनियमितताओं को लेकर विधायक ने नाराजगी जताई तथा अधिकारियों को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। विधायक गोदारा ने रोगी भर्ती वार्ड, ओपीडी कक्ष, नि:शुल्क दवा केंद्र एवं लैबोरेट्री का निरीक्षण किया। मरीजों को पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध नहीं होने पर उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को फटकार लगाते हुए आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय परिसर के पीछे टूटी हुई दीवार की समस्या सामने आने पर विधायक ने कहा कि बारिश से पूर्व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दीवार का निर्माण उनके विधायक कोटे से करवाया जाएगा। साथ ही प्रभारी डॉ कपिल धाबाई को समय पर अस्पताल पहुंचने व आपातकालीन के समय चिकित्सकों की व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए। विधायक ने बीकानेर के ज्वाइंट डायरेक्टर से दूरभाष पर वार्ता कर चिकित्सा व्यवस्थाओं में सुधार तथा डेपुटेशन पर भेजे गए चिकित्सा कर्मियों को पुन: राजलदेसर में लगाने की मांग भी रखी। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर भी विधायक ने चिकित्सा प्रभारी डॉ कपिल धाबाई को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद विधायक पूसाराम गोदारा ने राजलदेसर नगर पालिका पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले ढाई वर्षों में नगर पालिका में इतिहास का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रेवल सड़क, नाली निर्माण एवं विभिन्न विकास कार्यों में भारी अनियमितताएं हुई हैं, जिससे सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचा है। विधायक ने दूरभाष पर अधिशासी अधिकारी सहदेव चारण को निर्देश देते हुए कहा कि संदिग्ध कार्यों के किसी भी भुगतान को तुरंत रोका जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भ्रष्टाचारपूर्ण कार्यों का भुगतान किया गया तो पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। विधायक गोदारा ने कहा कि इस मामले को लेकर वे हाल ही में जयपुर स्थित डीएलबी अधिकारियों से भी मुलाकात कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राजलदेसर नगर पालिका के खिलाफ बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा। वहीं अधिशासी अधिकारी



सहदेव चारण का कहना है कि राजलदेसर में भ्रष्टाचार को लेकर मेरे पास विधायक पूसाराम गोदारा का फोन आया था ग्रेवल सड़कों में भ्रष्टाचार को लेकर मेरे को अवगत करवाया गया जिसके लिए मैंने कहा मेरे कार्यकाल के अंदर ग्रेवल सड़कों का किसी भी प्रकार का कोई भुगतान नहीं हुआ है साथ अगर सड़कों में घटिया निर्माण कार्य हुआ तो निश्चित ही संबंधित फर्म के ठेकेदार का पेमेंट रोका जाएगा एवं कठोर कार्यवाही की जाएगी । इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जब्बार खोकर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहनलाल मेघवाल, नबी बख्श, इदरीश खत्री, भुवनेश टांडी, दौलतराम जाट, भीम आर्मी अध्यक्ष श्रवण बारुपाल, मेघवाल महासभा के अध्यक्ष कालूराम तंवर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


### कोबरी-सार



# अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस विशेष

## साथ रहने की मिसाल हैं सुभाष बुगालिया और हवलदार शीशराम





निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बदलते दौर में जहां संयुक्त परिवार धीरे-धीरे टूटते नजर आ रहे हैं, वहीं कॉमरेड की ढाणी तन बुगाला के किसान नेता सुभाष बुगालिया और उनके बड़े भाई हवलदार शीशराम बुगालिया आज भी परिवार की एकता और भाईचारे की मिसाल बने हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर इन दोनों भाइयों की कहानी समाज के लिए प्रेरणा का संदेश देती है। दोनों भाई बचपन से लेकर आज तक एक ही परिवार में मिलजुल कर रह रहे हैं। खेती-किसानी से लेकर सामाजिक जिम्मेदारियों तक हर काम में दोनों ने हमेशा एक-दूसरे का साथ निभाया। गांव में लोग इन्हें आपसी प्रेम, सम्मान और सहयोग की मिसाल के रूप में देखते हैं। हवलदार शीशराम बुगालिया ने देश सेवा करते हुए सेना में अपनी जिम्मेदारियां निभाई, वहीं सुभाष बुगालिया किसान हितों और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। परिवार के सभी निर्णय आज भी आपसी सहमति और बड़े-बुजुर्गों के सम्मान के साथ लिए जाते हैं। सुभाष बुगालिया ने बताया कि परिवार की मजबूती आपसी विश्वास, संस्कार और त्याग से बनी रहती है। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार में रहने से बच्चों को अच्छे संस्कार मिलते हैं और बुजुर्गों को सम्मान मिलता है। ग्रामीणों का कहना है कि आज के समय में जब छोटी-छोटी बातों पर परिवार अलग हो जाते हैं, ऐसे में बुगालिया परिवार समाज के लिए प्रेरणा है। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर गांव में भी लोगों ने इस परिवार की एकता की सराहना की।

# श्री श्याम इंटरप्राइजेज का शुभारंभ



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** बहादुर सिंह कॉलोनी क्षेत्र में गुरुवार को श्री श्याम इंटरप्राइजेज का भव्य शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। शुभारंभ के अवसर पर बड़ी संख्या में शहरवासी, व्यापारी वर्ग और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर दीपू जैसनसरिया ने बताया कि श्री श्याम इंटरप्राइजेज में ग्राहकों को एक ही छत के नीचे घर सजावट एवं आराम से जुड़ी विभिन्न आधुनिक और प्रीमियम वस्तुएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। यहां सभी प्रकार के सोफा, प्रीमियम मैट्रेस, डिजाइनर बेडशीट्स, पर्दे, ब्लाइंड्स, रोलर एवं जेब्रा कलेक्शन सहित सॉफ्ट और कम्फर्टेबल पिलो की विशेष रेंज उपलब्ध रहेगी। उद्घाटन समारोह के दौरान पूरे प्रतिष्ठान को आकर्षक सजावट, गुब्बारों और रोशनी से सजाया गया जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने नए प्रतिष्ठान के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आधुनिक शोरूम से शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं और नए विकल्प मिलेंगे। संचालकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता, उचित मूल्य और आधुनिक डिजाइनों के साथ उत्कृष्ट सेवा प्रदान करना है। शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर पवन जैसनसरिया, लोकेश जैसनसरिया, शिवरतन सराफ, सुमित मेहरीवाला, लीलाधर मेहरीवाला, महेश मेहरीवाला, सुभाष जैसनसारिया, सूर्यप्रकाश जैसनसरिया, श्यामलाल देरासरी, रवि जैसनसरिया आदि उपस्थित रहे।

# काश्तकार से मारपीट के आरोपी को 4 साल का कारावास

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमेश कुमार ढालिया ने नोखा के देसलसर में 14 साल पुराने मारपीट के मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए 4 साल के कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। सीएचसी नोखा में भर्ती देसलसर निवासी रामेश्वरसिंह की ओर से 12 सितंबर 12 को पर्चा बयान में बताया गया था कि उसने अपने खेत में मोठ, बाजरी, तिल, ग्वार काश्त किया हुआ है। शाम को उसके खेत में पेमाराम ब्राह्मण की भैंसे घुस गई जिसे उसने निकाल दिया। इससे नाराज दीपाराम व उसके तीन साथी पिकअप गाड़ी में सवार होकर शाम को खेत में आए और लाठी-सरियों से मारपीट की। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के बाद दीपाराम को दोषी माना और 4 साल के कारावास व 10000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। राशि जमा नहीं कराने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट में 9 गवाहों के बयान हुए। राज्य की आर से पैरवी गजेन्द्रसिंह राठौड़ ने की।

# हुडको ने 40 स्कूलों को दिए सवा करोड़ के डिजिटल पैनल और डेस्क

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की पहल पर हुडको ने सीएसआर फंड से सवा करोड़ रुपए की लागत से जिले के 40 सरकारी स्कूलों को इंटरएक्टिव पैनल और ड्यूल डेस्क बांटे। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानदेसर में आयोजित इस कार्यक्रम से 15 हजार विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। मेघवाल ने स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया और बच्चों में नैतिक मूल्य विकसित करने के लिए अभिभावकों के साथ एक घंटे की विशेष क्लास लेने की घोषणा की। उन्होंने आमजन से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की भी अपील की। इस दौरान पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के सौजन्य से 86 लाख की लागत से निर्मित चार कमरों, एक लाइब्रेरी हॉल व टीन शेड का लोकार्पण तथा समसा से दो शौचालयों का शिलान्यास हुआ। मेघवाल ने बताया कि बीकानेर के 10, श्रीडूंगरगढ़ के 7, लूणकरणसर व कोलायत के 6-6, खाजूवाला व नोखा के 4-4, पांचू व पूगल के 2-2 तथा बज्जू खालसा के 1 स्कूल को यह संसाधन मिले हैं।

कार्यक्रम में महामंडलेश्वर सरजू दास महाराज, राम गोपाल सुथार, श्याम पंचारिया, डॉ सत्य प्रकाश आचार्य, मोहन सुराणा, कन्हैयालाल सियाग, हुडको के क्षेत्रीय प्रबंधक सुधीर भटनागर और भामाशाह प्रेरक पप्पू राम पवार मौजूद रहे।

# मनमाने एमआरपी पर सख्त कानून की मांग



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** बाजार में उत्पादों पर मनमाने अधिकतम खुदरा मूल्य अंकित कर उपभोक्ताओं से अधिक राशि वसूलने के मामलों को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने केंद्र सरकार से सख्त कानून बनाने की मांग उठाई है। संगठन ने प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तथा उपभोक्ता मामलों के मंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था में एमआरपी तय करने की कोई स्पष्ट सीमा नहीं होने से उपभोक्ताओं का खुलेआम आर्थिक शोषण हो रहा है। ग्राहक पंचायत के जिला मंत्री राजकुमार गौड़ ने बताया कि संगठन देशभर में एमआरपी व्यवस्था को लेकर जागरूकता अभियान चला रहा है। इसके तहत केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें एमआरपी के दुरुपयोग और सरकारी तंत्र की निष्क्रियता से पैदा हो रही समस्याओं से अवगत कराया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि मौजूदा कानून में यह कहीं निर्धारित नहीं है कि किसी उत्पाद का अधिकतम खुदरा मूल्य किस सीमा तक तय किया जा सकता है।

इसी खामी का फायदा उठाकर निर्माता, एजेंट, व्यापारी और खुदरा विक्रेता अपनी सुविधा अनुसार ऊँचा एमआरपी छाप देते हैं जबकि वास्तविक बाजार मूल्य उससे काफी कम होता है। बाद में ग्राहकों को भारी छूट का लालच देकर सामान बेचा जाता है जबकि असल में उपभोक्ता से अधिक राशि वसूली जाती है। संगठन ने मांग की कि सरकार एमआरपी निर्धारण की वैज्ञानिक और पारदर्शी प्रणाली लागू करे तथा उत्पाद की लागत, कर और लाभांश के आधार पर अधिकतम सीमा तय करने संबंधी कानून बनाए। ग्राहक पंचायत का कहना है कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो बाजार में उपभोक्ता हितों को और अधिक नुकसान होगा। प्रांत सह सचिव डॉ प्रभा पारीक ने बताया कि इसी ज्वलंत विषय को लेकर 25 मई को जंतर-मंतर, दिल्ली में आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष वैद्य महेंद्र कुमार शर्मा, तहसील अध्यक्ष घनश्याम भोजक, सरिता शर्मा, नीलम चौधरी, जगदीश जोशी, मनोज गौड़, आसाराम मेघवाल, गंगाराम सुथार, शंकरलाल शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# परशुराम ज्ञानपीठ में 20 मई से शुरू होगा एसएससी कोचिंग बैच

## युवाओं को मिलेगा प्रतियोगी परीक्षाओं का बेहतर मंच : महमिया

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विप्र फाउंडेशन द्वारा युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जयपुर मानसरोवर, शिप्रा पथ स्थित श्री परशुराम ज्ञानपीठ में 20 मई से पहला एसएससी कोचिंग बैच प्रारंभ किया जाएगा। फाउंडेशन की इस पहल से प्रदेश सहित झुंझुनू जिले के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। ज्ञानपीठ संचालन समिति के सचिव सतीश शर्मा ने बताया कि 8 से 10 माह अवधि के इस कोर्स की कोचिंग अत्यंत सामान्य शुल्क पर उपलब्ध कराई जाएगी ताकि आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी इसका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। कोचिंग के दौरान प्रत्येक माह टेस्ट आयोजित किए जाएंगे तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास हो सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में श्री परशुराम ज्ञानपीठ में आरएएस एवं आईएएस कोचिंग, आधुनिक लाइब्रेरी, छात्रावास तथा अतिथि कक्ष जैसी सुविधाएं संचालित हैं। समाज के अनुभवी, रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस द्वारा गत वर्ष 2024 के बैच में मॉक इंटरव्यू की विशेष तैयारी करवाई गई थी, जिसमें 54 अभ्यर्थियों का आरएएस में चयन हुआ। जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया ने बताया कि एसएससी कोचिंग प्रारंभ होने से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर दिशा और अनुभवी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इसके लिए जिला अध्यक्ष कमलकांत शर्मा एवं जिला संयोजक उमाशंकर महमिया से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर अपनी सीट आरक्षित कर सकते हैं।

# बरासिया महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के आरकेजेके बरासिया पीजी महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय संयुक्त सचिव जया पाठक, विशिष्ट अतिथि डॉ जोगेन्द्र सिंह (बी एड प्रभारी) करतार सिंह व अध्यक्ष प्राचार्य डॉ रवि शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्य डॉ रवि शर्मा ने महाविद्यालंय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय जुडो प्रतियोगिता में सलोनी पुत्री उम्मेद सिंह, हिमांशी पुत्री शिव कुमार के गोल्ड मेडल जीतने, दीपक कौशिक के सीए बनने, विशाखा खेतान, अनिता कानोडिया, प्रियांशु, पलक के सीए फाउण्डेशन परीक्षा में चयन होने, कनक गोयल, इशिका गुप्ता, प्रिया कुमारी, राधिका, आयुशी, वर्षा, नवदीप, दिवाकर, तनिषा, खुशबु शर्मा का सीएस फाउण्डेशन परीक्षा में चयन होने, अतिन जांगिड़ सीएसआईआर नेट, गेट, अनिता कौशिक सीएसआईआर नेट, जेआरएफ परीक्षा पास करने, कोमल कस्वा के 78वीं आर्मी डे परेड, जयपुर में चयन होने, कालीबाई भील स्कूटी योजना में स्कूटी मिलने, युवा महोत्सव में जिला व सम्भाग स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने, स्काउट एण्ड गाइड में रोवर रेंजर द्वारा राज्य पुरस्कार प्राप्त करने, महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र व मोमेन्टो देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सच्ची लगन और निष्ठा के साथ आगे बढ़ने वालों को सफलता निश्चित रुप से मिलती है। मोनिका, एकता, हंसिका एण्ड ग्रुप, यशोदा एण्ड ग्रुप, मुस्कान एण्ड ग्रुप, मुस्कान सैनी, विपुल शर्मा, गुंजन सोनी आदि विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ मधुलता सैनी, पूनम शर्मा ने किया व भरत कुमार शर्मा ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भामाशाह ने झूले एवं खेल सामग्री भेंट की

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** टीबा बसई की सेठ प्रभुदयाल राजकीय स्कूल में शुक्रवार को सजना देवी की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्रों द्वारा विद्यार्थियों को खेल सामग्री एवं झूले भेंट किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीएम राधेश्याम मीणा, रामस्वरूप मीणा, पूर्व आरपीएस निहाल सिंह मीणा, नायब तहसीलदार प्यारेलाल चावला, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनुकंपा, समाजसेवी श्योलाल, प्रधानाचार्य सांवरमल मीणा मौजूद थे। अध्यक्षता संस्था प्रधान अन्नू सैनी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए खेल सामग्री एवं झूलों का लोकार्पण किया गया।

मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने एवं स्कूलों के विकास के लिए भामाशाहों का सहयोग सराहनीय पहल है। समाज के सक्षम लोगों को सरकारी संस्थाओं के विकास में आगे आकर योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त शिक्षा देकर उन्हें बेहतर नागरिक बनाने का कार्य करना चाहिए। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा एवं सामाजिक विकास में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। संस्था प्रधान अन्नू सैनी ने भामाशाहों का आभार प्रकट करते हुए बताया कि सजना देवी की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र विनीत मीणा आईएएस एवं अनुप मीणा सेवानिवृत्त महाप्रबंधक आरबीआई द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए खेल सामग्री एवं झूले भेंट किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों में प्रोत्साहन मिलेगा। भामाशाह विनीत मीणा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के अवसर मिलने चाहिए। वहीं अनुप मीणा ने कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासन एवं मेहनत के साथ पढ़ाई कर अपने लक्ष्य प्राप्त करने चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। इस मौके पर बलवीर छापोला, रोहिताश लालगढ़, जीएल मीणा सहित ग्रामीण एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

# नीट परीक्षा पेपर आउट को लेकर किया प्रदर्शन




निसं

रींगस (नवयत्न)। अखिल भारतीय किसान सभा, माकपा, एसएफआई, सीटू व अन्य इण्डिया गठबंधन के जन संगठनों ने नीट परीक्षा पेपर आऊट को लेकर रींगस के तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन देकर मांग की कि नीट परीक्षा 2026 का पेपर आउट करने वाले माफियाओं को तुरन्त गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जावे तथा पेपर लीक माफियाओं को राजनैतिक संरक्षण देना बंद किया जावे। अन्यथा पूरे देश भर में बड़ा आन्दोलन किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भारत सरकार और राज्य सरकार की होगी। आज के प्रदर्शन में अखिल भारतीय किसान सभा तहसील अध्यक्ष केशाराम धायल, तहसील सचिव भूदाराम बगड़िया, माकपा तहसील सचिव सूरजभान धायल, मालीराम सौगण, गोपाल सिंह बाजिया,, सुरेश कुमार शर्मा, सीताराम पावण्डा एडवोकेट, मदनलाल बाजिया, जवाहर सिंह मूण्ड, अर्जुन लाल बाजिया इण्डिया गठबंधन के बाबूलाल बगड़िया, बीरबल बधाला, मालीराम जाखड, श्यामलाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# झुंझुनू जिला उपभोक्ता समिति चिड़ावा की बैठक आयोजित



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** झुंझुनू जिला उपभोक्ता समिति इकाई चिड़ावा की बैठक का आयोजन समिति के नगर अध्यक्ष कवि नगेन्द्र शर्मा निकुंज की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि समिति के जिलाध्यक्ष प्रभुशरण तिवाड़ी थे। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में समिति के जिला संगठन प्रभारी कैप्टन शंकरलाल महरानिया मौजूद रहे। बैठक में प्रभुशरण तिवाड़ी व कैप्टन शंकरलाल महरानिया द्वारा मौजूद समिति के सदस्यों को उपभोक्ता अधिकारों तथा कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही आम उपभोक्ता की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

समिति सचिव टैक्स एडवोकेट विक्रम सिंह शेखावत ने उपभोक्ताओं के बैंक खातों मे बैंको द्वारा मिनिमम बैलेंस के नाम पर चार्ज लगाने का मुद्दा उठाते हुए आम उपभोक्ता के साथ हो रही लूट के खिलाफ आंदोलन की बात कही। बैठक के दौरान चिड़ावा शहर में पानी की विकट होती जा रही समस्या, पेट्रोल पम्पों पर उपलब्ध शौचालय आम जन के लिए उपलब्ध करवाने सहित उपभोक्ता अधिकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ। इस दौरान उपाध्यक्ष दिनेश जांगिड़, अरविन्द भगत, कोषाध्यक्ष राजेश पूनिया, मीडिया प्रभारी आशु स्वामी, सह सचिव विनोद चेजारा, जन सम्पर्क सचिव सज्जन गोदारा, जयकिशन बाछुका, एडवोकेट जोगेंद्र कुमार, डॉ आशीष गिरधर, योगेश दादरवाल, महिला सदस्य कोमल भारतीय, पूजा नायक, सोनू कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन विक्रम सिंह ने किया।



# राजपूत समाज की बैठक आयोजित

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी तहसील के राजोता स्थित स्वामी विवेकानंद संस्थान परिसर में शुक्रवार को राजपूत समाज की बैठक का आयोजन किया गया। पूर्व सरपंच फतेहसिंह शेखावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में ईडब्ल्यूएस आरक्षण में आ रही विसंगतियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में पूर्व सरपंच फतेहसिंह शेखावत ने कहा कि ईडब्ल्यूएस व्यवस्था में कई प्रकार की तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं के कारण समाज के पात्र युवाओं को लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस विषय को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने और एकजुट होकर आवाज उठाने की आवश्यकता है। करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फौजी ने बताया कि 23 मई को सालासर बालाजी मंदिर में आयोजित होने वाली विशाल सभा को सफल बनाने पर भी चर्चा की गई। इसको लेकर एक विशेष टीम खेतड़ी तहसील पहुंची, जिसने क्षेत्र के लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस दौरान समाज के प्रबुद्ध लोगों, युवाओं एवं विभिन्न गांवों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने विचार रखे। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि सालासर में होने वाली सभा में ईडब्ल्यूएस से जुड़े मुद्दों पर व्यापक रणनीति तैयार की जाएगी तथा समाज के हितों की रक्षा के लिए आगे की रूपरेखा बनाई जाएगी। बैठक के अंत में समाज के लोगों से एकजुट होकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई। इस मौके पर करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फौजी, महावीर सिंह, पूर्ण सिंह, कर्नल रामौतार सिंह, अशोक सिंह, पूर्व सरपंच वीर सिंह, कबूल सिंह, दिगपाल सिंह, विजय सिंह, ओमवीर सिंह, किशोर सिंह, अमित सिंह, राजकुमार सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# हनुमान मंदिर का प्रथम पाटोत्सव 18 को

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित हनुमान मंदिर का प्रथम पाटोत्सव 18 मई को मनाया जाएगा। हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पंडित सुभाष शर्मा ने बताया कि सोमवार देर शाम सवा आठ बजे श्याम बाबा का भव्य कीर्तन आयोजित होगा। इसमें आरिफ म्यूजिकल ग्रुप पार्टी के साथ जयपुर के मनोज सेन एवं माधवगढ़ के विजेंद्र भार्गव श्याम बाबा के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि 18 मई मंगलवार सुबह नौ बजे हवन का आयोजन किया जाएगा।

# भीषण गर्मी में स्कूली बच्चों को मिली बड़ी राहत

## सरकारी विद्यालयों को भेंट किए 25 वाटर कूलर



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** प्रदेश में पड़ रही रिकॉर्डतोड़ भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच तारानगर ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों (सरकारी स्कूलों) के विद्यार्थियों के लिए एक बेहद राहतभरी खबर आई है। स्कूलों में पढ़ रहे नौनिहालों को इस चिलचिलाती धूप और गर्मी में ठंडे पानी के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए एक सराहनीय और अनुकरणीय पहल की गई है।

### भामाशाहों के सहयोग से पहुंचे 25 वाटर कूलर

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफइंडिया पराक्रम सिंह राठौड़ के विशेष और अथक प्रयासों से धारा शक्ति फाउंडेशन, जयपुर द्वारा तारानगर ब्लॉक के विभिन्न राजकीय विद्यालयों के लिए 25 वाटर कूलर प्रदान किए गए हैं। इन वाटर कूलरों को ब्लॉक के उन स्कूलों में स्थापित किया जाएगा जहाँ पीने के ठंडे पानी की सख्त आवश्यकता थी। निश्चित तौर पर इस बेहतरीन सुविधा से स्कूली बच्चों को इस जानलेवा गर्मी में बहुत बड़ी राहत मिलेगी और उन्हें पढ़ाई के अनुकूल माहौल मिल सकेगा।

### शिक्षा विभाग ने जताया आभार और किया अभिनंदन

इस पुनीत और जनकल्याणकारी कार्य के लिए शिक्षा विभाग ने भामाशाहों का दिल से स्वागत किया है। तारानगर के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा ने छात्रहित में उठाए गए इस कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने पराक्रम सिंह राठौड़ की इस संवेदनशील पहल का स्वागत किया तथा साथ ही साथ ?धारा शक्ति फाउंडेशन, जयपुर के सामाजिक सरोकार और उदारता के लिए उनका आभार व्यक्त किया। पूरी टीम का ब्लॉक शिक्षा कार्यालय की तरफ से विशेष अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।? इस सराहनीय कार्य की पूरे क्षेत्र में जमकर तारीफ हो रही है और लोग इसे ग्रामीण अंचल के सरकारी स्कूलों के विकास में निजी संस्थाओं की भागीदारी का एक बेहतरीन उदाहरण मान रहे हैं।

### इनका कहना है

शिक्षा के मंदिर में बच्चों की सहूलियत के लिए किया गया यह दान सर्वोत्तम है। इस भीषण गर्मी में बच्चों को ठंडा पानी उपलब्ध करवाना पुण्य का कार्य है, जिसके लिए पूरा ब्लॉक पराक्रम सिंह और धारा शक्ति फाउंडेशन का ऋणी रहेगा।

**बबलेश शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, तारानगर**

# जयपुर बनेगा देश का बड़ा बिजनेस नेटवर्किंग हब




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर अब देश के प्रमुख बिजनेस नेटवर्किंग केंद्रों में अपनी मजबूत पहचान बनाने जा रहा है। एंटरप्रेन्योरशिप और बिजनेस कोलेबोरेशन के क्षेत्र में राजस्थान की बढ़ती भूमिका के बीच जयपुर को बीएनआई इंडिया की प्रतिष्ठित इंडिया नेशनल कॉन्फ्रेंस-2026 आईएनसी-2026 की मेजबानी मिली है। यह आयोजन 16 और 17 मई 2026 को नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। कॉन्फ्रेंस की घोषणा बीएनआई इंडिया के नेशनल डायरेक्टर हेमू सुवामा ने जयपुर में की।

इस अवसर पर संतोष राधाकृष्णन, रीति के. श्रॉफ, अक्षय गोयल सहित देशभर के वरिष्ठ बीएनआई पदाधिकारी मौजूद रहे। पहली बार जयपुर बीएनआई इंडिया के फ्लैगशिप नेशनल नेटवर्किंग कन्वेंशन की मेजबानी करेगा। इसे एशिया के सबसे बड़े और प्रभावशाली स्ट्रक्चर्ड बिजनेस नेटवर्किंग आयोजनों में शामिल माना जाता है। दो दिवसीय इस सम्मेलन में भारत सहित पड़ोसी देशों से एंटरप्रेन्योर, इंडस्ट्री लीडर, प्रोफेशनल्स, स्टार्टअप फाउंडर्स और बिजनेस डिसीजन मेकर्स के शामिल होने की संभावना है। हेमू सुवामा ने कहा कि आईएनसी-2026 केवल एक कॉन्फ्रेंस नहीं बल्कि ऐसा मंच है, जो व्यवसायों को जोड़ने, भरोसेमंद रिश्ते बनाने और दीर्घकालिक विकास के अवसर उपलब्ध कराने का काम करता है। उन्होंने कहा कि जयपुर का तेजी से विकसित हो रहा उद्यमशील वातावरण इस राष्ट्रीय आयोजन के लिए आदर्श स्थान बनाता है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में हर माह होगी 10 वेलनेस गतिविधियां

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशानुसार जयपुर जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर अब प्रतिमाह 10 वेलनेस गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर प्रत्येक माह की 5 एवं 20 तारीख को ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ द्वारा वेलनेस गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यदि निर्धारित तिथि पर राजकीय अवकाश रहेगा तो कार्यक्रम अगले कार्य दिवस पर आयोजित होंगे।

उन्होंने बताया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को योग, व्यायाम, संतुलित आहार और रोगों की रोकथाम संबंधी जानकारी देना है। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हेल्थद्ध डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि सीएचओ अपने कार्यक्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान प्रत्येक माह चार दिनों तक वेलनेस गतिविधियों का आयोजन करेंगे। इसके अलावा प्रत्येक माह चार एमसीएचएन दिवसों पर भी स्वास्थ्य एवं वेलनेस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विभाग के अनुसार सभी वेलनेस गतिविधियों का आयोजन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 9 बजे तक किया जाएगा। सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे क्षेत्र में लोगों को इन कार्यक्रमों के लाभों के बारे में जागरूक करें और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

# सीमाजन छात्रावास का हुआ भूमि पूजन

## सुरक्षित सीमा, सशक्त भारत के संकल्प को मजबूत करेगा छात्रावासः निंबाराम

निसं




**नोखा ( नवयत्न )।** सीमाजन कल्याण समिति राजस्थान के तत्वावधान में खाजूवाला में खेल मैदान के सामने संत दुलाराम कुलरिया स्मृति सीमाजन छात्रावास का भूमि पूजन किया गया। छात्रावास का निर्माण सीमावर्ती क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए किया जा रहा है। समिति के जिलाध्यक्ष धनपत राय बाफना ने बताया कि सीमा जागरण मंच के प्रथम राष्ट्रीय संगठन मंत्री राकेश कुमार स्मृति परिसर में भामाशाह नरसी कुलरिया ने अपने पिता गोसेवी संत दुलाराम कुलरिया की स्मृति में छात्रावास निर्माण का संकल्प लिया है। मुख्य अतिथि निंबाराम ने कहा कि देश और समाज सेवा के लिए समर्पित व्यक्ति ही सच्चा भामाशाह कहलाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह छात्रावास हजारों विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। निंबाराम ने भामाशाह की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि वह जीवन भी क्या जीवन है जो देश के काम नहीं आ सका। भारतीय संस्कृति में दान केवल आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक माना गया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपनी कमाई और संसाधनों को समाजहित में समर्पित करता है, वही सच्चे अर्थों में भामाशाह कहलाने योग्य होता है। नरसी कुलरिया परिवार द्वारा अपने पिता संत दुलाराम कुलरिया की स्मृति में किया जा रहा यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। कार्यक्रम में नरसी ग्रुप ऑफकंपनी के चेयरमैन व भामाशाह नरसी कुलरिया ने कहा कि सीमाजन कल्याण समिति सुरक्षा, स्वावलंबन और एकता का संदेश देते हुए सीमावर्ती नागरिकों में राष्ट्रीय सुरक्षा की भावना जागृत करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की कमाई तभी सार्थक होती है जब उसका उद्देश्य सेवा हो। इससे पहले अतिथियों ने मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन कर नींव की ईंट रखी तथा छात्रावास के शीघ्र निर्माण की मंगलकामनाएं की। सींथल पीठाधीश्वर क्षमाराम महाराज ने छात्रावास निर्माण को सीमावर्ती क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा क्षेत्र में श्रेष्ठ योगदान बताया। उन्होंने कहा कि पुण्यात्मा की स्मृति में किया गया पुण्य कार्य आने वाली पीढ़ियों को गौरवान्वित करता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में आचार्य तुलसी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष गणेश बोथरा ने सीमाजन कल्याण समिति के कार्यों को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि सीमा क्षेत्र के नागरिकों के लिए किए जा रहे प्रयास सुरक्षित सीमा, सशक्त भारत के संकल्प को मजबूत कर रहे हैं। सीमा जन कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह भाटी ने भी विचार रखे। इस अवसर पर विभाग प्रचारक विनायक, संगठन मंत्री स्वरूपदान, नोखा से लिखमाराम, सतीश झंवर, मूलचंद तावनिया, खाजूवाला विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल, अमरा राम चुयल, चम्पालाल सुथार, उगमाराम कुलरिया, नोखा नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष निर्मल भूरा, जिया राम सुथार, मांगीलाल सुथार, प्रेम कुलरिया, गंगाराम पारीक, देवकिशन सुथार, मुन्नीलाल सुथार, छगनलाल, भोमराज सुथार, विनोद कुलरिया, तिलोक, नीमाराम ओसिया, पुखराज सुथार, रामरतन सुथार, पवन सुथार, किसन और कानदास आदि उपस्थित रहे।

# राजस्थान टैलेंट उत्सव का ग्रांड फिनाले 17 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान की सांस्कृतिक चेतना और युवा प्रतिभा के विराट संगम श्राजस्थान टैलेंट उत्सव का ग्रांड फिनाले 17 मई 2026 को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में देशभर से चयनित शीर्ष 50 प्रतिभागी एक ही मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होने वाला यह कार्यक्रम कला, संस्कृति और युवा ऊर्जा का अद्वितीय संगम बनने जा रहा है, जिसमें गायन, नृत्य, कविता, कॉमेडी, रैपए बीट बॉक्सिंग तथा अन्य मंचीय कलाओं का प्रतिभागी प्रदर्शन करेंगे। यह उत्सव केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि उन युवाओं के लिए राष्ट्रीय मंच है जो अपनी कला के माध्यम से नई पहचान गढ़ना चाहते हैं।

# भैंरोसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** देश के उपराष्ट्रपति, राजस्थान के मुख्यमंत्री व भाजपा के संस्थापक सदस्यों में रहे स्व. भैंरोसिंह शेखावत की पुण्यतिथि शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में मनाई गई। प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्व. शेखावत के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि स्व. भैंरोसिंह शेखावत देश के शीर्ष पदों पर रहे फिर भी विनम्रता उनके व्यवहार में रही। वे जनसंघ से लेकर भाजपा की स्थापना के संस्थापक सदस्यों में रहे। मुख्यमंत्री रहते उन्होंने अंत्योदय योजना से अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को लाभांवित किया। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि शेखावत ने हमेशा गरीब, किसान एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान हेतु कार्य किए। उनका कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पित जीवन सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि भैंरोसिंह शेखावत का जीवन सादगी भरा रहा। कार्यकर्ताओं के लिए वे सदैव तैयार रहते थे। उनके जन्म स्थान सीकर जिले के कार्यकर्ताओं से हमेशा आत्मिय लगाव रहा। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान राजेश रोलन, नेमीचंद कुमावत, रामावतार रूंथला, श्रीहरि बियाणी, प्रियंका बाजिया, इंद्र शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, गुलाब धींवा, राकेश नेहरा, वरुण कुशलेश शर्मा, त्रिभुवन दुधवा, जितेश शर्मा, मोहन गुर्जर, हरेंद्र जेदिया, लक्ष्मणसिंह निर्वाण आदि मौजूद रहे।

# शनि महाराज की जयंती आज

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित हनुमान मंदिर में स्थित शनि मंदिर में शनिवार को शनि महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। शनि मंदिर पुजारी नरेश भार्गव ने बताया कि शनिवार दोपहर सवा ग्यारह बजे शनि महाराज की विधिवत रूप से शनि पूजा अर्चना कर 11 किलो मिल्क केक का शनि महाराज के भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। शनि महाराज की जयंती मनाई जाएगी।

# बैंक ने रक्षक योजना के अंतर्गत पेंशनर्स की पत्नी को सौंपा 50 लाख का चैक

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** पंजाब नेशनल बैंक तारानगर में रक्षक योजना के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक के एजीएम सुधीर कुमार साहू द्वारा सुल्तान सिंह की धर्मपत्नी इंदिरा देवी को 50 लाख का चैक सौंपा। सुल्तान सिंह सेवानिवृत्ति फौजी और पहु बैंक में गार्ड थे जिनकी मृत्यु 2 नवंबर 2025 को सड़क दुर्घटना में हो गई थी जिनका पेंशनर्स खाता रक्षक योजना अंतर्गत पीएनबी तारानगर में था। साहु ने बताया कि हमें बैंक की इन बीमा योजनाओं का अधिक लाभ लेना चाहिए ताकि परिवार को मुश्किल घड़ी में संबल मिल सके अनहोनी किसी के साथ भी हो सकती है। तारानगर शाखा प्रबंधक त्रिलोकचंद सैनी ने बताया कि बैंक की जनकल्याणकारी योजनाएं जो कि महिलाओं किसानों, विद्यार्थियों, नौकरी करने वालों और देश की रक्षा करने वालों सहित समाज के सभी वर्गों लिए चलती है जिनका हम लाभ ले सकते हैं। वित्तीय साक्षरता केंद्र के मैनेजर दलजीत सिंह ने कहा की अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना में नामांकन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनिल कुमार शर्मा, शुभम खांडल, महेंद्र कुमार, मनोज कुमार, मैनपाल पिलानिया, सुमेर गोदारा, हर्ष टॉक, कोमल आशिया, ममता, राखी, विजय सिंह, दीनदयाल, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

# सात दिवसीय भागवत कथा 20 मई से

निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में स्वण् महावीर प्रसाद व स्व. शकुंतला देवी शर्मा की पुण्य स्मृति में सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा का आयोजन 20 मई से व 26 मई तक होगा। आयोजनकर्ता सुशील शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, मनोज शर्मा, भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कि 20 मई को प्रातः 8 बजे से इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर से भव्य कलश यात्रा रवाना होगी जो कथा स्थल श्री राम स्कूल पहुँचेगी।

जहाँ ऋषिकेश के कथा वाचक हरिशरण महाराज के द्वारा कथा का रसास्वादन किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 12:15 बजे से प्रभु की इच्छा तक। वही प्रतिदिन नृत्य 5 बजे प्रभात फेरी के बाद अमृत प्रवचन का भी आयोजन होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-जोर से चल रही है।

# प्रधानाचार्य पर लगाए गए झूठे आरोपों के विरोध में सौंपा ज्ञापन

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति, तारानगर (चूरू) संबंध संगठन- राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत, एबीआरएसएम, शिक्षक संघ अंबेडकर, रेसला, शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रतिनिधि मंडल द्वारा महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम राजकीय विद्यालय तारानगर के प्रधानाचार्य पर लगाए गए झूठे आरोपों के विरोध एवं निष्पक्ष जांच हेतु संयुक्त ज्ञापन उपखंड अधिकारी तारानगर को सौंपा गया। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष जांच उच्च स्तरीय अधिकारी से करवाने व झूठे आरोप लगाकर राजकार्य में बाधा डालने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में इंद्राज स्वामी मंत्री शिक्षक संघ शेखावत, जयप्रकाश शर्मा अध्यक्ष एबीआरएसएम, राजेंद्र किरोड़ीवाल मंत्री एबीआरएसएम, जेठाराम अध्यक्ष अंबेडकर संघ, राकेश धेतरवाल अध्यक्ष रेसला, अशोक कुमार सारण अध्यक्ष प्रगतिशील शिक्षक संघ, विजय सिंह जाखड़, मंगल सिंह, मदनलाल, चंद्रशेखर कसवा, अशोक यादव, राजेंद्र धेतरवाल, शिवकुमार सारण, अनीता शेखू, कंचन जांगिड़, सरोज, नीलम, सिया, पूनम, विना, अविनाश गोदारा, आनंद सिंह आदि अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे।

# भगवान शांतिनाथ के जन्म तप मोक्ष कल्याणक पर अनेक धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जैन धर्म के 16 वें तीर्थकर भगवान शांतिनाथ के जन्म तप मोक्ष कल्याणक पर अनेक धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुये। प्रातः कालीन अभिषेक-शांतिधारा 54 जैन परिवारों द्वारा की गई। इस अवसर पर श्री शान्तिनाथ महामण्डल विधान पूजन प्रतिष्ठाचार्य पण्डित जयन्त कुमार शास्त्री द्वारा पूर्ण विधी विधान से सम्पन्न करवाई गई और रात्रि में णमोकार महामंत्र का पाठ भी आयोजित किया गया। महोत्सव में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव-2025 के श्रेष्ठीजनो पुण्यार्जकों का भाव भीना सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पवन छाबड़ा, गोपाल काला, विनोद संगही, भागचंद सेठी, अंकित छाबड़ा, प्रवीण संगही, मुकेश लुहाड़िया, प्रियंक गंगवाल, विनोद पाटनी, मुकेश जैन, सुशील काला, आलोक काला, विनोद टोग्या, कमल गंगवाल, जितेंद्र संगही, पवन सेठी, रॉबिन छाबड़ा, आवेश छाबड़ा सहित सैकड़ों धर्मावलम्बियों ने भाग लिया। समिति के सदस्य प्रियंक गंगवाल के अनुसार यह महोत्सव प्रतिवर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। जैन धर्म में 24 तीर्थंकर होते हैं और प्रत्येक तीर्थंकर के पांच कल्याण होते हैं आज 16 वें तीर्थकर भगवान शांतिनाथ के तीन कल्याणक है।

# ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ सहाराण की सेवा अब संजीवनी हॉस्पिटल में

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर एवं आसपास क्षेत्र के मरीजों के लिए खुशी की खबर है कि प्रसिद्ध हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ प्रमोद सहाराण ने संजीवनी हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं देना प्रारंभ कर दिया है।

अस्पताल के डायरेक्टर डॉ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि डॉ प्रमोद सहाराण इससे पूर्व निम्स हॉस्पिटल जयपुर में भी अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे चुके हैं।

हड्डी, जोड़, फ्रैक्चर एवं ऑर्थोपेडिक रोगों के उपचार में उनके लंबे अनुभव का लाभ अब तारानगर क्षेत्र के मरीजों को स्थानीय स्तर पर मिलेगा। संजीवनी हॉस्पिटल प्रशासन ने डॉ प्रमोद सहाराण का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा बताया कि उनके जुड़ने से अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं और अधिक सशक्त होंगी। क्षेत्रवासियों ने भी खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अस्पताल के डायरेक्टर डॉ धर्मेंद्र शर्मा, डॉ भावना शर्मा, डॉ कपिल गौतम, डॉ अमरजीत चावला, डॉ जय नारायण खत्री, डॉ नरेंद्र सिंह शेखावत सहित ललित दान चारण, कुलदीप शर्मा, मनीषा, सुनीता, रजनी एवं समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# डेंगू बना साल भर का खतरा, समय पर पहचान और बचाव जरूरी : डॉ. पंकज आनंद

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देशभर में डेंगू अब केवल मौसमी बीमारी नहीं रह गया है, बल्कि यह तेजी से एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभर रहा है। विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिलती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर पहचान और उपचार नहीं मिलने पर यह बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। डॉ. पंकज आनंद ने बताया कि डेंगू एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है, जो दिन के समय अधिक सक्रिय रहता है। शहरी क्षेत्रों में ठहरा हुआ पानी, घनी आबादी और खराब सफाई व्यवस्था इसके प्रसार को बढ़ावा देती है। उन्होंने बताया कि कूलर, गमलों, निर्माण स्थलों और खुले कंटेनरों में जमा पानी डेंगू फैलाने वाले मच्छरों के पनपने के प्रमुख कारण हैं। इसके अलावा जाम नालियांए कचरे का उचित निपटान न होना तथा गर्म एवं आर्द्र मौसम भी संक्रमण का खतरा बढ़ाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार डेंगू के शुरुआती लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में तेज पीड़ा, मतली, उल्टी, थकान और त्वचा पर चकत्ते शामिल हैं। वहीं लगातार उल्टी, पेट दर्द, असामान्य रक्तस्राव और प्लेटलेट्स में गिरावट जैसे लक्षण संक्रमण की गंभीर स्थिति की ओर संकेत करते हैं। डॉ. आनंद ने बताया कि डेंगू की जांच के लिए शुरुआती चरण में एनएस1 एंटीजन टेस्ट तथा बाद के चरण में आईजीएम और आईजीजी एंटीबॉडी टेस्ट किए जाते हैं। इसके अलावा प्लेटलेट्स की निगरानी के लिए सीबीसी जांच भी आवश्यक होती है।

उन्होंने सलाह दी कि डेंगू के मौसम में लगातार तेज बुखार होने पर तुरंत जांच करवानी चाहिए और लक्षण बढ़ने का इंतजार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डेंगू के लिए फिलहाल कोई विशेष एंटीवायरल दवा उपलब्ध नहीं है, लेकिन समय पर उपचार और उचित देखभाल से गंभीर परिणामों को रोका जा सकता है। मरीज को पर्याप्त तरल पदार्थ, डॉक्टर की सलाह अनुसार दवाएं और नियमित मेडिकल मॉनिटरिंग की आवश्यकता होती है। गंभीर मामलों में अस्पताल में भर्ती करना पड़ सकता है। डॉक्टरों ने डेंगू से बचाव के लिए घरों में पानी जमा नहीं होने देनेए पानी की टंकियों की नियमित सफाई, पूरे बाजू के कपड़े पहनने, मच्छररोधी उत्पादों के उपयोग तथा सामुदायिक स्वच्छता अभियानों में भागीदारी की अपील की है। उनका कहना है कि छोटी-छोटी सावधानियां डेंगू जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।

## सम्पादकीय

# समय रहते चेतें



इस तथ्य पर हैरानी नहीं कि पेट्रोलियम पदार्थों के स्रोत कच्चे तेल के साथ-साथ खाद्य तेलों के आयात में भी अच्छी-खासी विदेशी मुद्रा की खपत हो रही है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री ने खाद्य तेलों के सेवन में कमी लाने की भी अपील की। उनका यह कहना सही है कि इससे सेहत सुधारने के साथ विदेशी मुद्रा बचाने में भी सहायता मिलेगी, लेकिन प्रश्न यह है कि भारत अपनी जरूरत भर का तिलहन क्यों नहीं पैदा कर पा रहा है?

यह सामान्य बात नहीं कि भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 58 प्रतिशत खाद्य तेल आयात करता है। पिछले वर्ष खाद्य तेल आयात बिल करीब 20 अरब डालर का था। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि कृषि प्रधान देश होने और आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी पर बल देने के बाद भी देश में तिलहन फसलों का उत्पादन उतनी तेजी से नहीं बढ़ पा रहा है, जितना अपेक्षित है। यह ठीक है कि केंद्र सरकार की ओर से किसानों को तिलहन की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसके चलते उनके उत्पादन में थोड़ी वृद्धि भी देखने को मिली है, लेकिन इसी के साथ खाद्य तेल की मांग और खपत भी बढ़ रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि जैसे-जैसे लोग आर्थिक रूप से सक्षम हो रहे हैं, उनके खानपान में तेलों की खपत बढ़ रही है। स्पष्ट है कि केंद्र और राज्य सरकारों को तिलहन फसलों का उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर देना होगा। अपने देश की समस्या यह है कि जब संकट सामने आ खड़ा होता है, तब उससे बचने के उपायों पर ध्यान दिया जाता है। खाद्य तेलों के उत्पादन में आत्मनिर्भर होने का सघन अभियान तो बहुत पहले चलाया जाना चाहिए था और उसकी लगातार समीक्षा भी की जानी चाहिए थी। बात केवल खाद्य तेलों की ही नहीं है, भारत को बड़ी मात्रा में दालों का भी आयात करना पड़ता है। इसमें भी विदेशी मुद्रा की खपत होती है। कहना कठिन है कि दलहन उत्पादन को बढ़ाने के लिए जो योजनाएं चलाई गईं, उनके कितने सकारात्मक परिणाम सामने आए? जो भी हो, यह सही समय है कि सरकार पेट्रोलियम पदार्थों समेत अन्य आयातित वस्तुओं में कमी लाने के ठोस एवं दीर्घकालिक उपाय करे। यह सही है कि भारत में कच्चे तेल के अपेक्षित भंडार नहीं, इसलिए उसका आयात करना ही होगा, लेकिन आखिर हर तरह के ईवी वाहनों की खरीद बढ़ाने के लिए कोई आकर्षक प्रोत्साहन योजना क्यों नहीं लाई जा पा रही है और उनके लिए चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार द्रुत गति से क्यों नहीं हो पा रहा है? इसी तरह क्या कारण है कि किसी का ध्यान इस ओर क्यों नहीं जा रहा है कि छोटे-बड़े शहरों में ट्रैफिक जाम के कारण बड़े पैमाने पर पेट्रोल एवं डीजल की जो बर्बादी होती है, उसे कैसे रोका जाए?

## ● विशेष आलेख

# ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों के दिल्ली-विमर्श के निहितार्थ




ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय दिल्ली बैठक ने दुनिया को कई महत्वपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक संदेश दिए हैं, जिनके कूटनीतिक निहितार्थ को समझने की जरूरत है। अन्यथा शेष दुनिया को अमेरिकी-यूरोपीय दादागिरी (नाटो सैन्य गठबंधन) के दुनियावी दांवपेंचों से निजात मिलनी मुश्किल है। लिहाजा, इस बैठक में मुख्य रूप से वैश्विक शक्ति-संतुलन, अमेरिकी प्रतिबंध नीति, पश्चिम एशिया संकट, वैश्विक व्यापार व्यवस्था और 'ग्लोबल साउथ' की भूमिका पर जोर दिखाई दिया।

देखा जाए तो नई दिल्ली में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का जमावड़ा लगा हुआ है। दो दिनों का यह 18वां शिखर सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है, जब दुनिया कई मोर्चे पर अस्थिरता से गुजर रही है। ब्रिक्स के सदस्य देश – ईरान और यूएई सीधे तौर पर इस हलचल में शामिल है। ऐसे में यह जुटान पूरी दुनिया के लिए अहम हो जाती है। इस अहम बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, रूस के विदेश मंत्री सर्जेइ लावरोव और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची जैसे नेताओं के दूरदर्शिता भरे बयान विशेष चर्चा में रहे। जिसके दुनियावी मायने बेहद अहम हैं।

जिस तरह से कूटनीतिक सम्मेलन के पहले ही दिन जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के खिलाफ लगाए जाने वाले एकतरफा प्रतिबंधों का जिक्र किया, जो सबसे ज्यादा विकासशील देशों को नुकसान पहुंचाते हैं। स्वाभाविक तौर पर उनका इशारा अमेरिका है, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से दुनिया को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं, ईरान मामले में भी गतिरोध की वजह बहुत हद तक वॉशिंगटन की अव्यवहारिक मांगें है। ब्रिक्स के बड़े मंच से उठी आवाज का असर ज्यादा होगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर का उद्घाटन भाषण मौजूदा चुनौतियों का सही खाका खींचता है। पश्चिम एशिया पर मंडराता युद्ध का खतरा, ऊर्जा संकट, सप्लाई चेन में रुकावट और जलवायु परिवर्तन ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। तमाम देशों की अर्थव्यवस्था को मंदी में फंसने का डर सता रहा है। ऐसे में जैसा कि विदेश मंत्री ने कहा, विकासशील देशों ने ब्रिक्स से यह उम्मीद लगाई है कि यह मंच स्थिरता कायम करने में सकारात्मक भूमिका अदा करेगा। इसके कतिपय निहितार्थ इस प्रकार हैं-

पहला, एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था को चुनौती: बैठक का सबसे बड़ा संदेश यह था कि दुनिया अब केवल अमेरिका-केन्द्रित व्यवस्था पर निर्भर नहीं रहना चाहती। ब्रिक्स देशों ने 'मल्टीपोलर वर्ल्ड' के दृष्टिगत बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। इसका अर्थ है कि वैश्विक निर्णयों में पश्चिमी देशों के साथ एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की शक्तियों की भी बराबर भूमिका हो।

दूसरा, अमेरिकी प्रतिबंधों और आर्थिक दबाव का विरोध: भारत, रूस, चीन और ईरान सहित कई देशों ने एकतरफा प्रतिबंधों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और संप्रभुता के खिलाफ बताया। विशेष रूप से एस जयशंकर ने कहा कि प्रतिबंध और दबाव कूटनीति का विकल्प नहीं हो सकते। यह संदेश सीधे तौर पर अमेरिका की प्रतिबंध नीति की आलोचना माना गया।

तीसरा, डॉलर प्रभुत्व कम करने का संकेत: बैठक में स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने और वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों पर भी चर्चा हुई। यह संदेश था कि ब्रिक्स देश डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं ताकि अमेरिकी आर्थिक दबाव का असर घटाया जा सके।

चतुर्थ, पश्चिम एशिया संकट पर चिंता: ईरान-इज़राइल तनाव और समुद्री मार्गों की सुरक्षा बड़ा मुद्दा रहा। ब्रिक्स देशों ने रेड सी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य जैसे मार्गों की सुरक्षा पर जोर दिया। दुनिया को यह संदेश दिया गया कि क्षेत्रीय युद्ध अब वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को सीधे प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि इस मंच के सामने भी चुनौती है। ईरान और यूएई के आपसी रिश्ते ठीक नहीं चल रहे। जबकि चीन ने अपने विदेश मंत्री को नहीं भेजा है।

एक बात और, जब सम्मेलन की शुरुआत हुई, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग तब ट्रंप की मेजबानी में व्यस्त थे। ब्रिक्स के सबसे बड़े विरोधी ट्रंप है। उन्हें लगता है कि यह मंच अमेरिकी हितों के खिलाफ खड़ा किया गया है। मेजबान होने के नाते यह भारत की जिम्मेदारी है कि यहां से निकला संदेश किसी के विरोध में नहीं, साझा हित में हो। भारत के पास सभी सदस्यों को करीब लाने और मौजूदा संकट का समाधान पेश करने का मौका है।

पांचवां, ग्लोबल साउथ की राजनीतिक आवाज: बैठक में यह स्पष्ट हुआ किब्रिक्स स्वयं को केवल आर्थिक समूह नहीं, बल्कि विकासशील देशों की सामूहिक राजनीतिक आवाज के रूप में स्थापित करना चाहता है। अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों की समस्याओं—जैसे खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा संकट और कर्ज—को वैश्विक एजेंडा में प्रमुखता देने की बात कही गई।

छठा, संयुक्त राष्ट्र सुधार की मांग: भारत और ब्राजील ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और विकासशील देशों के अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता दोहराई। यह संदेश था कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी संस्थाओं में अब नई वैश्विक वास्तविकताओं के अनुसार बदलाव होना चाहिए।

सातवां, ब्रिक्स के भीतर मतभेद भी सामने आए: हालांकि बैठक में एकजुटता दिखाई गई, लेकिन यह भी स्पष्ट हुआ कि सभी सदस्य अमेरिका-विरोधी नीति पर पूरी तरह एकमत नहीं हैं। भारत और ब्राजील जैसे देश पश्चिम के साथ संतुलित संबंध बनाए रखना चाहते हैं, जबकि रूस और ईरान अधिक आक्रामक रुख चाहते हैं। इससे यह संकेत मिला कि ब्रिक्स अभी पूर्ण राजनीतिक गठबंधन नहीं, बल्कि साझा हितों वाला मंच है।

समग्र रूप से कहा जाए तो, इस बैठक का वैश्विक संदेश यह था कि उभरती शक्तियाँ अब विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था में अधिक स्वतंत्र, संतुलित और पश्चिम से अलग भूमिका चाहती हैं। ब्रिक्स ने यह दिखाने की कोशिश की कि 'ग्लोबल साउथ' अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन का सक्रिय खिलाड़ी बनना चाहता है। चूंकि ब्रिक्स अब केवल उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का समूह नहीं रहा, इसकी भूमिका आज कहीं ज्यादा व्यापक हो चुकी है। वास्तव में यह वैश्विक संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण हो सकता है। भारत का रोल इसमें सबसे अहम हो जाता है। उसने पश्चिमी देशों के साथ रिश्ते बनाए हुए हैं, जबकि रूस, ईरान और चीन के साथ भी बैलेंस रखा है। उसने हमेशा संवाद से समाधान की बात की है। यह रवैया उसे भरोसेमंद साथी बनाता है।

## स्वास्थ्य समाचार

# हाथ-पैर क्यों कांपते हैं? इसके कारण और बचाव के उपाय

आमतौर पर हाथ-पांव कांपने को हम कोई गंभीर समस्या नहीं मानते है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी हाथ-पांव के कांपने की स्थिति का अनुभव जरूर हुआ होगा। ऐसा कभी डर की वजह से होता है, तो कभी साइकोलॉजिकल फैक्टर जिम्मेदार हो सकता है। लेकिन, कभी-कभी हाथ-पांव कांपना किसी बीमारी के चलते भी होता है। इसलिए, अगर लंबे समय तक आपको हाथ-पांव कांपने की समस्या हो, तो नजरंदाज करना सही नहीं है।



### नींद की कमी

अगर कोई व्यक्ति लंबे समय तक पर्याप्त नींद नहीं लेता है, तो उसे कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। अक्सर सिरदर्द, थकान जैसी सामान्य समसयाएं देखने को मिलती हैं। वहीं, अगर कोई बहुत लंबे समय तक अच्छी नींद नहीं ले रहा है, तो एक समय बाद उसके हाथ-पांव कांपने लगते हैं। दरअसल, जब आप अच्छी नींद नहीं लेते हैं, तो इस वजह से न्यूरोलॉजिकल रिफ्लेक्सेस ट्रिगर हो सकती है। इस वजह से कुछ कामकाज करते वक्त हाथ-पांव कांप सकते हैं।

### लो ब्लड प्रेशर होना

शरीर की नसें और मसल्स, ब्लड शुगर की वजह से सही तरह से काम कर पाती हैं। जब किसी वजह से ब्लड शुगर का स्तर गिर जाता है, तो हाथ-पांव में कंपकंपी होने लगती है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि बीपी को कंट्रोल में रखा जाए। इसके लिए, शराब से दूर रहना, स्मोकिंग न करना और डाइट का सही ध्यान रखा जाना चाहिए। अगर इसके बावजूद, हाथ-पांव की कंपकंपी बंद न हो, तो बेहतर है कि डॉक्टर से संपर्क करें।

### ओवरएक्टिव थायराइड का होना

शायद आपको यह जानकर हैरानी हो, ओवरएक्टिव थायराइड की वजह से भी हाथ-पांव कांप सकते हैं। इसका मतलब है कि थायराइड ग्लैंड शरीर को हेल्दी और फिट रखने के लिए काफी मेहनत कर रही है। इसका असर हार्ट पर पड़ता है। ओवरएक्टिव थायराइड में अक्सर लोगों का बिना वजह वजन घटने लगता है और नींद लेने में भी परेशानी आती है। आपका थायराइड ओवरएक्टिव है, यह जानने के लिए ब्लड टेस्ट करवाया जाता है।

### एसेंशियल ट्रेमर

यह एक खतरनाक किस्म की सिचुएशन है। एसेंशियल ट्रेमर होने पर व्यक्ति कप, गिलास या चश्मा जैसी छोटी-छोटी चीजें उठाने में भी समस्या महसूस करता है। सामान उठाते या पकड़ते वक्त मरीज के हाथ कांप सकते हैं। अगर इसका स्तर सीमित रहे, तब तो कोई दिक्कत नहीं है। वहीं, अगर हाथ कांपने की वजह से रोजमर्रा के टास्क पूरे करने में मुश्किलें आने लगें, तो मरीज को बिना देर किए डॉक्टर के पास जाना चाहिए। हालांकि, इस बीमारी का मुख्य कारण क्या है, इसका अब तक पता नहीं चल सका है। विशेषज्ञों का मानना है कि जींस में कुछ बदलाव होने के कारण एसेंशियल ट्रेमर हो सकता है। इस बीमारी से निपटने के लिए डॉक्टर आपको दवाईया या ऑक्यूपेशनल थेरेपी दे सकते हैं। कुछ मामलों में सर्जरी भी की जाती है।

# महिलाओं में कैंसर के जोखिम को कम कर सकते हैं लाइफस्टाइल से जुड़े यह बदलाव

आज के समय में महिलाएं घर और बाहर दोनों जगह के काम करती है। जिस कारण कई बार महिलाओं को तनाव होने के साथ वह शरीर को नजरअंदाज करती रहती है। आज के समय में कैंसर काफी तेजी से फैल रहा है। महिलाएं भी इससे अछूती नहीं है। महिलाओं को कैंसर से बचाव के लिए हेल्दी डाइट, नियमित डॉक्टर से जांच के साथ स्वस्थ जीवनशैली को भी फॉलो करना चाहिए, जिससे कैंसर का रिस्क कम हो सकें। स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर दो सबसे आम प्रकार के कैंसर हैं जो महिलाओं को अधिक प्रभावित करते हैं। जीवनशैली में साधारण बदलाव, संतुलित आहार, और तंबाकू और अत्यधिक शराब के सेवन से परहेज, कैंसर के खतरे को काफी कम कर सकते हैं।



**स्वस्थ वजन :** महिलाओं में कैंसर के रिस्क को कम करने के लिए स्वस्थ वजन बनाए रखना बहुत जरूरी होता है। अधिक वजन या मोटापा होने से स्तन, डिम्बग्रंथि और गर्भाशय कैंसर सहित कई प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

**नियमित व्यायाम करें :** महिलाओं को शरीर को हेल्दी और कैंसर से बचाव के लिए नियमित तौर पर व्यायाम करना आवश्यक होता है। नियमित व्यायाम स्तन और पेट के कैंसर के खतरे को कम करने में मदद कर सकता है। व्यायाम में जॉगिंग या अपनी मनपसंद एक्टिविटी को इसमें शामिल कर सकते हैं।

**स्वस्थ आहार का सेवन :** कैंसर से बचाव के लिए डाइट में हेल्दी फूड्स को अवश्य शामिल करें। डाइट में फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन से भरपूर फूड्स को शामिल करें। यह फूड्स कैंसर के खतरे को कम करने के साथ शरीर को लंबे समय तक स्वस्थ रखते हैं। डाइट में लाल मांस, शर्करायुक्त खाद्य पदार्थ और परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट का सेवन सीमित कम मात्रा में करना चाहिए।

**नियमित जांच करवाएं :** महिलाएं कैंसर से बचाव के लिए नियमित तौर पर शरीर की जांच करवाती रहे। मैमोग्राम और पैप परीक्षण, कैंसर का शीघ्र पता लगाने में मदद कर सकते हैं। 3 से 6 महीने में जाकर डॉक्टर से शरीर की जांच अवश्य कराएं। किसी तरह के लक्षण महसूस होने पर डॉक्टर को अवश्य दिखाएं।

**धूम्रपान छोड़ें :** महिलाएं कैंसर के खतरे को कम करने के लिए धूम्रपान करने से बचें। धूम्रपान ग्रीवा और मूत्राशय के कैंसर के खतरे को बढ़ाता है। धूम्रपान करने से कैंसर सहित कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ता है। सिगरेट से निकलने वाला धुआं शरीर को कई तरीकों से प्रभावित करता हैं।


**कार्यालय नगर पालिका, रींगस, जिला-सीकर (राज0)**

Email - ringas.jaipur@gmail.com | Phone No. 01575-224854

SR.NO. :- न.पा.री / निर्माण /2026-27/27 | DATE : 12/05/ 2026

**ऑफलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा संख्या 2026-27/04**

नगर पालिका रींगस द्वारा एक कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी में पजींकृत ठेकेदारों / फर्मो से 02 कार्यो हेतु मोहर बन्द ऑफलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैं। निविदा ऑफलाईन दिनांक 18.05.2026 को प्रातः 10:15 बजे तक विक्रय की जावेगी। संवेदकों से दोपहर 11:00 बजे तक निविदा दरें प्राप्त कर दिनांक 18.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे संवेदकों के समक्ष ही खोली जावेगी। कार्य का विवरण पालिका कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं।

NIB CODE:- DLB2627A1723

UBN NO. DLB2627WSOB04524, DLB2627WSOB04526

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका रींगस

राज.संवाद / सी / 26 / 2856

**कार्यालय नगरपालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राजस्थान**

क्रमांक / न.पा.श्रीमा / विकास / 2026–27 / 545 | दिनांक :– 13.05.2026

**बोली आमंत्रण सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निम्नांकित निर्माण / विकास कार्य करवाये जाने हेतु उपर्युक्त श्रेणी में पंजिकृत संवेदको से बोलियां आमंत्रित की जाती है। बोली आमंत्रण सूचना http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जाकर बोली प्रपत्र डाउनलोड किये जा सकते है :–

| | |
|---|---|
| बोली का कार्य (कुल 01 कार्य) | NIB Code:- DLB2627A1719 |
| Unique Bid Number | 1. DLB2627WSOB04519 |
| बोली की कुल लागत | राशि 3.33 लाख |
| निविदा फार्म मिलने की दिनांक | 21.05.2026 दोपहर 12.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की दिनांक | 21.05.2026 दोपहर 1.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | 21.05.2026 सांय 4.00 बजे |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका श्रीमाधोपुर

राज.संवाद / सी / 26 / 2876

**कार्यालय नगरपालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राजस्थान**

क्रमांक / न.पा.श्रीमा / विकास / 2026–27 / 568 | दिनांक :– 14.05.2026

**ई–निविदा सूचना संख्या (03/2026–27)**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी कें संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निम्नांकित कार्य ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन–लाईन बोली आमंत्रित की जाती है, बोली फार्म एवं ई–बोली से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है :–

| | | |
|---|---|---|
| बोली का कार्य (कुल 01 कार्य) | : | NIB Code:- DLB2627A1786 |
| Unique Bid Number | | 1. (DLB2627WSOB04710) |
| बोली की कुल लागत | | राशि 11.33 लाख |
| बोली जारी करने की दिनांक | | दिनांक 14.05.2026 |
| बोली दस्तावेजों को डाउनलोड व अपलोड करने की दिनांक व समय | | दिनांक 15.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 25.05.2026 को सांयकाल 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क व धरोहर राशि, दस्तावेज जमा कराने की दिनांक | | दिनांक 26.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक |
| तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | | दिनांक 27.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे से |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 90 days |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका श्रीमाधोपुर

राज.संवाद / सी / 26 / 2895


## आज का राशिफल

### मेष
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। कार्यसिद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन रहेगा। क्रोध पर संयम आवश्यक है। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। धर्म में रुचि बढ़ेगी। नई योजना से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

### वृष
मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी। धनलाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। संतान पर ध्यान दें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे।

### मिथुन
योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी। पराक्रम की वृद्धि होगी। समाज-परिवार में आदर मिलेगा। सुसंगति से लाभ होगा।

### कर्क
राजकीय सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम बिलकुल न लें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी। गृह उपयोगी वस्तुएँ क्रय करेंगे। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

### सिंह
फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। दूसरों पर भरोसा न करें। धैर्य रखें। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे। अतः सावधान रहें। व्यापार में सफलता मिलेगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी।

### कन्या
उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बढ़ेगा। पुराने मित्र-संबंधी मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक तंगी रहेगी। पिछले कार्यों को टालें। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा।

### तुला
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रुभय रहेगा। लाभ होगा। पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है। अनावश्यक विवाद होगा। व्यावसायिक योजनाएँ क्रियान्वित नहीं हो पाएँगी।

### वृश्चिक
रुका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। साहित्यिक रुचि बढ़ेगी। आर्थिक योग शुभ हैं। यात्रा से व्यापारिक लाभ हो सकता है। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है।

### धनु
विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी। संतान के व्यवहार पर नजर रखें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

### मकर
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे। संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें। परिवार की चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### कुंभ
संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कश्मकश दूर होगी। स्वजनों से भेंट होगी।

### मीन
जल्दबाजी व भागदौड़ से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा।

## मोबाइल टावर लगाने का किया विरोध



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर के वार्ड संख्या 36 में एक निजी इंटरनेट कंपनी द्वारा मोबाइल टावर लगाए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मोहल्ले वासियों ने कंपनी पर तानाशाही और जबरन टावर लगाने का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व पार्षद राधेश्याम बबेरवाल का कहना है कि कंपनी द्वारा उनकी आपत्तियों को दरकिनार कर टावर का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। विरोध बढ़ता देख दोनों पक्षों को पुलिस थाने बुलाया गया है, जहाँ कंपनी के दस्तावेजों और अनापत्ति प्रमाण पत्र की जांच की जाएगी। मोहल्ले वासियों ने तर्क दिया है कि जिस स्थान पर टावर लगाया जा रहा है, उसके पास ही एक छात्रावास है जहाँ बड़ी संख्या में छात्र रहते हैं। इसके अलावा पास में ही मंदिर और रिहायशी इलाका है। स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है कि मोहल्ले में कई ऐसे मरीज हैं जो सांस की बीमारी से ग्रसित हैं, मोबाइल टावर से होने वाले विकिरण उनके स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस टावर को आबादी क्षेत्र से हटाकर किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं श्रीमान सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व तालुका विधिक सेवा समिति तारानगर के निर्देशानुसार शुक्रवार को तारानगर के शांति देवी कंदोई स्कूल तारानगर राउप्रावि नम्बर 4 में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी स्वेता भाकर ने विद्यार्थियों को पीड़ित प्रतिकर स्कीम, बाल विवाह निषेध अभियान एलोक अदालत का प्रचार स्कीम एहेल्पलाइन नंबर आदि के संबंध में प्रचार प्रसार किया और इस कार्यक्रम में बच्चों को साइबर अपराध एवं हैकर्स के बारे में बताया। इस मौके पर विद्यालय के अनेक शिक्षक तथा विद्यार्थी माजिद थे।

## शिविर का शुभारम्भ आज

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पुरुषोत्तम तापड़िया ने बताया कि नोखा में दो दिवसीय नि:शुल्क मधुमेह/डायबिटीज परामर्श एवं जांच शिविर जयपुर के प्रख्यात मधुमेह विशेषज्ञ ओर एंडोकाईनोलॉजिस्ट डॉ. सुधीर जी भंडारी जयपुर के सानिध्य में माहेश्वरी समाज नोखा व मरुधर मेडिकल ट्रस्ट जयपुर के सँयुक्त तत्वाधान में आगामी 16 व 17 मई को माहेश्वरी भवन नोखा में आयोजित होगा। युवा संगठन के उमाशंकर मल ने बताया कि इस शिविर की तैयारियों को लेकर आज दिनाँक 15 मई 2026 को सांय 5 बजे एक बैठक माहेश्वरी भवन में आयोजित हुई। जिसमे पंजीयन से लेकर सभी व्यवस्थाओं को लेकर आपसी विचार विमर्श कर व्यवस्थाओ की जिम्मेदारी दी गई।लक्ष्मीकांत राठी ने बताया कि बैठक में पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर, माहेश्वरी जिला सभा के अध्यक्ष ललित झंवर, आसकरण भट्टड़, किशनगोपाल चितलांगिया, अशोक लाहोटी, हरि डागा, बाबूलाल मालाणी, कमल चांडक, डॉ. राधेश्याम लाहोटी, पंकज भट्टड़, अंकित तोषनीवाल, किशन तापड़िया, कन्हैयालाल तापड़िया, दिनेश राठी, जीतू करनाणी, नितेश राठी, उमेश राठी सहित समाज के बंधुजन उपस्थित रहे।

## बाल भारती इंटरनेशनल के विद्यार्थियों ने फिर से लहराया परचम

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा बाहरवी कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम जारी किया गया है। जिसमें स्थानीय जिसमें बाल भारती इण्टरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने फिर से परचम लहराया। प्राचार्या चाँदकिरण शेखावत ने बताया कि कर्तव्य सिंह राठौड़ ने 91ण्60 प्रतिशतए ऋशांत शर्मा 90.2, अनुष्का बुगालिया ने 90, फहिम गौरी 88.2, रिषभ घोशाल 87.6, कृष्णा अग्रवाल 87, दीक्षा स्वामी 86.8, आँचल 86.6, लोकेश सिंवर 85.8, दिया ढ़ाका 85.6, सिद्धी जैन 85.2, जीनत 85, अमित सोनी 85, राहुल भामू 84.6, रिषभ सिंह 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कुल का नाम रोशन किया। साथ ही बाहरवीं के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। इस अवसर पर स्कूल संरक्षक लक्ष्मण राम खिलेरी व स्कूल प्रबन्धक बुधाराम खिलेरी, मुकेश खिलेरी व स्कुल निदेशक प्रेम नेहरा एवम् समस्त स्टाफ सदस्यों ने बाहरवीं के समस्त विद्यार्थियों को शुभकानाएं प्रदान की तथा सभी के उज्वल भविष्य की कामना की।

# ग्लैम फैशन वीक 2026 : टॉप मॉडल्स ने रैंप पर बिखेरा जलवा

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में हाल ही में मानसरोवर स्थित अनंत महल रिसॉर्ट में पावर्ड बाय अनंता रिसोर्ट की ओर से तीन दिवसीय श्ग्लैम फैशन वीक 2026 सीजन फर्स्ट का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मिस इंडिया ग्लैम की मॉडल्स ने तीनों दिन रैंप पर अलग अलग डिजाइनर कलेक्शन पेश कर सबका दिल जीता। इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन के फाउंडर पवन टांक और मिस ग्लैम राजस्थान की डायरेक्टर कीर्ति टांक ने बताया कि यह ग्लैम फैशन वीक का पहला सीजन था। जिसे मिस इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन द्वारा नए टैलेंट्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुई। जिसने आयोजन को सांस्कृतिक गरिमा भी प्रदान की। फैशन वीक के दौरान कई शानदार डिजाइनर कलेक्शंस ने रैंप की शोभा बढ़ाई। वीरा लेबल बाय पीनल द्वारा पेश किए गए स्टाइलिश वेस्टर्न आउटफिट्स ने मॉडर्न फैशन की झलक दिखाई। वहीं प्रीत कलेक्शन बाय ललित के डिजाइनर लहंगों ने ट्रेडिशनल एलीगेंस का खूबसूरत संगम पेश किया। रंगोली साड़ीज बाय संकल्प की खूबसूरत साड़ियों ने भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई। जबकि बेला बीचवियर आउटफिट्स बाय ताहीर ने फैशन में बोल्ड और ट्रेंडी टच जोड़ा। मॉडल्स के ग्लैमरस और स्टाइलिश मेकओवर की जिम्मेदारी लैक्मे अकादमी लालकोठी ने निभाई, जिसने हर मॉडल के लुक को और भी आकर्षक बनाया। वहीं एसबीजे ज्वेलरी बाय बुलबुल अग्रवाल की खूबसूरत आर्टिफिशियल ज्वेलरी ने रैंप लुक्स में चार चांद लगा दिए। कीर्ति टांक ने आगे कहा कि ग्लैम फैशन वीक का मुख्य उद्देश्य उभरती हुई मॉडल्स और नए टैलेंट्स को फैशन इंडस्ट्री में बेहतर अवसर और बड़ा एक्सपोजर उपलब्ध कराना है, ताकि वे देश.विदेश में अपनी पहचान बना सकें। इस भव्य आयोजन में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जगदीश चंद्र ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

वहीं शो के दौरान मिस इंडिया ग्लैम की सुपर मॉडल ख्वाहिश सैनी, सौम्या गुप्ता, शीतल विश्वकर्मा, कंचन राजपुरोहित, सौम्या शर्मा, ख्वाहिश नायक, रौनक कनोडिया, रिंकू चौधरी, हिना नामवानी, मुस्कान विजय, हर्षिता, नंदिनी परिहार, कामना राजपुरोहित, तमन्ना राव, तमन्ना सरनानी, अक्षरा सिंह, कनिष्का भार्गव, पिया सरकार, अवनि शर्मा, गायत्री, खुशी गुप्ता, रागिनी गुप्ता, इस्मायरा एवं मुस्कान ने अपनी दिलकश अदाओं से दर्शकों का दिल जीत लिया।

## गांधी चौक का पार्क आम जनता के लिए खोलने की मांग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नगरपरिषद के सामने विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना 13 वें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। धरने पर बैठे धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल ने बताया कि आज एडीएम संतोष कुमार को ज्ञापन सौंपकर गांधी चौक स्थित नेहरू पार्क को आम जनता के लिए जल्द से जल्द खुलवाये जाने, पार्क पर नेहरू पार्क का बोर्ड लगवाये जाने की मांग की गई है। साथ ही पार्क के आवंटन की विधिवत जांच करवाये जाने की मांग भी प्रशासन से की गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि बेसकीमती पत्थरों को विधि विरूद्ध बेचा गया है और सरकार को राजस्व की हानि हुई है, इसलिए मामले की जांच की जावे। साथ ही पं. जवाहरलाल नेहरू, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी पं. गिरीशचन्द्र मिश्र की मूर्ति लगवाये जाने की मांगे एक बार फिर से प्रशासन के समक्ष दोहराई गई हैं। निवर्तमान पार्षद इकबाल खान कायमखानी ने बताया कि नगरपरिषद से लेकर उपखंड कार्यालय तक रोज अधिकारी दिनभर चक्कर काटते रहते हैंए लेकिन एक बार भी धरने पर आकर जनता की मांगों के बारे में वार्ता करना तक उचित नहीं समझा, तो जनता में किस प्रकार का संदेश प्रशासन देना चाहता है। उन्होंने बताया कि हम लोग टेंडर्स की कोई मांग नहीं कर रहे, क्योंकि जो लोग घोटाला करेंगेए वो करेंगे। लेकिन कम से कम महापुरूषों के सम्मान की बात होए तो भी प्रशासन का ये रवैया समझ से परे है। वहीं धरने पर तरूण सियोता, शंकरलाल, अविनाश, बिलाल, विनोद, अशोक कुमार, करण, राजेश ढ़ेनवाल, नथमल सियोता, श्रीचंद, सोहिल गोपालपुरिया सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

## आंधी से गिरे पेड़ के नीचे दबने से महिला की मौत

निसं

**लोसल (नवयत्न)।** धोद पुलिस थाना इलाके के जससुपुरा गांव में गुरुवार देर शाम को तेज आंधी के दौरान एक पेड़ गिरने से पेड़ के नीचे दबने से महिला रघुवीर कंवर की मौत हो गई । महिला को जब परिजनों ने पेड़ के नीचे दबे हुए देखा तो उसके बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन उन्हें उपजिला अस्पताल लोसल लेकर गए जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रघुवीर कंवर शाम को खेत में बकरियां चराने गई थी। इसी दौरान मौसम का मिजाज बदला और तेज आंधी शुरू हो गया। आंधी तूफान इतना तेज था कि खेत में खड़ा खेरी का पेड़ टूटकर उसके ऊपर गिर गया। जब महिला वापस नहीं लौटी तो परिजन उन्हें देखने के लिए खेत में पहुंचे। जहां पर उन्होंने महिला को पेड़ के नीचे दबा हुआ पाया। उन्हें इसके बाद उपजिला अस्पताल लोसल ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## अस्पताल के एंट्री गेट पर हैं चार गड्ढे बने परेशानी का सबब



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय बगड़िया अस्पताल में प्रवेश के लिए काफी सुंदर द्वार बनाया गया है। लेकिन इस गेट के पास ही खुले नाले के गड्ढ़े आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। जानकारी के अनुसार एक नहीं, दो नहींए पूरे चार गड्ढ़ों से लोगों को हॉस्पीटल में घुसते वक्त रूबरू होना पड़ता है। जिसके कारण अस्पताल में आने वाले बाईक सवार इन गड्ढ़ों की चपेट में आकर गिरते हैं। खासकर रात के वक्त बड़ी परेशानी होती है। रात के दस बजे के बाद कोई यहां पर गिर जाए, तो कोई जल्दी से उठाने वाला नहीं मिले। कई बार कारें भी इन गड्ढ़ों में फंस जाती हैं, जिसके कारण मरीजों और उनके परिजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सांड चौक निवासी शिव पारीक ने बताया कि हाल ही में अपने रिश्तेदार के साथ अस्पताल से बाहर आ रहा थाए तभी इन गड्ढ़ों में कार का टायर फंस गया, जो वहां पर मौजूद लोगों की सहायता से बाहर निकाली गई। लेकिन अगर कोई देर रात के वक्त में इन गड्ढ़ो में फंस जाये, तो काफी दिक्कत होती है। वहीं पास के ही व्यापारी मनोज प्रजापत ने नगरपरिषद प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का समाधान किए जाने की मांग की हैए ताकि जनता को राहत मिल सके।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान श्री झूलेलाल मंदिर में भगवान श्री झूलेलाल मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं अनावरण समारोह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 351 महिलाओं द्वारा निकाली गई विशाल कलश यात्रा से हुई। पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित महिलाएं मंगल गीत गाते हुए मंदिर परिसर पहुंची, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंग गया। भव्य धार्मिक आयोजन के दौरान भक्त प्रकाश महाराज एवं मोहनलाल महाराज के कर कमलों द्वारा भगवान श्री झूलेलाल एवं सतगुरु स्वामी टेऊराम जी की प्रतिमाओं की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई।

वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि बालमुकुंदाचार्य महाराज सहित समाजसेवी तुलसी त्रिलोकानी, राजन सरदार, दीपक, कमलेश नानवानी एवं बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल पारवानी, संरक्षक देवीदास चेलानी, दीपक कुमार धामेजानी, सलाहकार दौलत त्रिलोकानी, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद फूलवानी एवं महासचिव विजय हरलानी सहित समिति पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सेवा और धार्मिक भावना को मजबूत करने का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के अंत में पूज्य गुरु महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया तथा पल्लव प्रार्थना के साथ समारोह का समापन हुआ।

## साइबर क्राइम शाखा की नई पहल : अब बिना पहचान बताए दर्ज करा सकेंगे साइबर शिकायत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस साइबर क्राइम शाखा महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले ऑनलाइन उत्पीड़न, सोशल मीडिया पर अभद्रता और साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में अब महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऐसी सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसके जरिए पीड़िता बिना अपनी पहचान उजागर किए ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकती है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि यदि किसी महिला या बालिका को फेसबुक, व्हाट्सएपए इंस्टाग्राम या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर परेशान किया जा रहा है, तो वह नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर श्महिलाओं/बच्चों से संबंधित अपराध विकल्प के माध्यम से गुप्त रूप से शिकायत दर्ज कर सकती है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर विकल्प चुनने पर शिकायतकर्ता से नाम, पता, आधार नंबर या अन्य निजी जानकारी नहीं मांगी जाती। शिकायत दर्ज करते समय केवल घटना से जुड़ी जानकारी, जैसे घटना की तारीख, समय, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का नाम, आरोपी की प्रोफाइल लिंक और संबंधित स्क्रीनशॉट अपलोड करने होते हैं। इससे पीड़िता की पहचान पूरी तरह सुरक्षित रहती है और आरोपी के खिलाफकानूनी कार्रवाई भी संभव हो पाती है। साइबर क्राइम शाखा के अनुसार शिकायत दर्ज करने के लिए सबसे पहले पोर्टल पर जाकर विकल्प चुनना होगा। इसके बाद महिलाओं/बच्चों से संबंधित अपराध और फिर विकल्प का चयन करना होगा। डिस्क्लेमर स्वीकार करने के बाद घटना का पूरा विवरण भरना होगा। यदि आरोपी की सोशल मीडिया आईडी या प्रोफाइल लिंक उपलब्ध हो तो उसे भी दर्ज किया जा सकता है। शिकायत सबमिट करने के बाद एक कंप्लेंट आईडी प्राप्त होगीए जिसे भविष्य के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है। साइबर क्राइम शाखा ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन उत्पीड़न या साइबर अपराध की स्थिति में आरोपी की प्रोफाइल लिंक, चैट, मैसेज और स्क्रीनशॉट सुरक्षित रखें, क्योंकि ये कानूनी कार्रवाई में महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित होते हैं। विभाग ने यह भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी या ऑनलाइन अपराध होता है अथवा ऐसा प्रयास किया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन, साइबर पुलिस स्टेशन, साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 और 9257510100 पर दी जाए।

## संस्कार केन्द्रों के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री बनेचन्द सरावगी उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में स्थानीय संस्कार केन्द्रों का वार्षिकोत्सव एवं सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री पराक्रम सिंह राठौड़ रहे तथा अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष विकास चाचाण ने की। विशिष्ट अतिथियों में कमल शर्मा एवं अग्रवाल सभा अध्यक्ष महेन्द्र सरावगी मौजूद रहे। मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संस्कार केन्द्र प्रमुख महीपाल प्रजापत ने कहा कि विद्या भारती सेवा, संस्कार और त्याग की भावना से समाज निर्माण का कार्य कर रही है। संस्कार केन्द्रों के माध्यम से बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास किया जा रहा है तथा स्वच्छता एवं नशामुक्ति अभियान के जरिए समाज सुधार का संदेश दिया जा रहा है। मुख्य अतिथि पराक्रम सिंह राठौड़ ने कहा कि विद्या भारती वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा एवं संस्कार देकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही है। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में चल रहे संस्कार केन्द्रों के कार्यों की सराहना करते हुए इसे भारतीय संस्कृति को सशक्त करने वाला प्रयास बताया। इस दौरान अतिथियों ने संस्कार केन्द्रों के बच्चों को खेल सामग्री एवं वाद्य यंत्र वितरित किए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य, घूमर, गीत एवं भजन प्रस्तुत किए गए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। संस्कार केन्द्र स्कूल प्रमुख दया कंवर ने अतिथियों का परिचय करवाया। प्रबंध समिति की ओर से अतिथियों का दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। अंत में विकास चाचाण ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संचालन का दायित्व शिल्पा खरोड़ एवं राकेश सरोईया ने निभाया।

## महिंद्रा ट्रैक्टर कंपनी की शंखनाद एक्टिविटी का किया स्वागत

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** महिंद्रा ट्रैक्टर कंपनी की ओर से अप्रैल माह से शुरू हुई श्शंखनाद एक्टिविटी आज सरदारशहर में रतनगढ़ रोड स्थित समाधि स्थल के सामने महिंद्रा डीलरशिप रामचंद्र एग्रो मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ब्रांच सरदारशहर पर पहुंची। जहां पर उत्साह के साथ स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों और ट्रैक्टर चालकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान डीजे की धुन के साथ भव्य ट्रैक्टर रैली निकाली गई। यह रैली शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरते हुए पुन: महिंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी पहुंची। रैली में शामिल ट्रैक्टरों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और जगह-जगह ग्रामीणों एवं किसानों ने रैली का स्वागत किया। इस अवसर पर एजेंसी संचालक कपिल कस्वा एवं कंपनी अधिकारि अमन सेठ द्वारा अतिथियों का स्वागत पूजा-पाठ एवं फूलमालाओं के साथ किया गया। कार्यक्रम में डीलर लालचंद सारण व भगीरथ सारण ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि महिंद्रा ट्रैक्टर किसानों की पहली पसंद बनता जा रहा है क्योंकि कंपनी लगातार आधुनिक तकनीक और बेहतर सुविधाओं वाले ट्रैक्टर बाजार में ला रही है। तनुज शर्मा ने किसानों को आधुनिक खेती में ट्रैक्टरों की उपयोगिता और नई तकनीक की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि महिंद्रा ट्रैक्टर मजबूत इंजन, बेहतर माइलेज और शानदार परफॉर्मेंस के लिए पहचाने जाते हैं। इस अवसर पर शाहिल कस्वा ने कहा कि आज के समय में खेती को आसान और लाभकारी बनाने में ट्रैक्टर की अहम भूमिका है। ट्रैक्टर की सहायता से कम समय में अधिक भूमि की जुताई की जा सकती है, जिससे किसानों का समय और मेहनत दोनों बचते हैं। इसके अलावा ट्रैक्टर के उपयोग से मजदूरी खर्च कम होता है और खेती के कार्य तेजी से पूरे होते हैं। महिंद्रा ट्रैक्टर के साथ रोटावेटर, कल्टीवेटर, सीड ड्रिल, ट्रॉली और अन्य कृषि उपकरण आसानी से जोड़े जा सकते हैं, जिससे एक ही मशीन से कई प्रकार के कृषि कार्य किए जा सकते हैं। कंपनी अधिकारियों ने किसानों को ट्रैक्टरों के रखरखाव और आधुनिक कृषि तकनीकों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और उन्होंने विभिन्न मॉडल के ट्रैक्टरों का अवलोकन किया। अंत में कंपनी की ओर से सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कपिल कस्वा, साहिल कस्वा, भागीरथ सारण, लालचंद सारण, ओमप्रकाश, तनुज शर्मा सहित रामचंद्र एग्रो मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ब्रांच सरदारशहर के कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## प्राथमिक चिकित्सा कार्यशाला आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री जगन्नाथ कंदोई उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर तारानगर में तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में तेरापंथ टास्क फोर्स का प्राथमिक चिकित्सा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें आपदा प्रबंधन अग्नि सुरक्षा फ्रैक्चर प्राथमिक उपचार के सुझाव दिए गए। जिसमें तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष मोहित बरडिया, लोकेश, उदयराज चौरडिया मुदित कोठारी, मांगीलाल, अभय, अनु डागा, ज्योति श्याम सुखा, प्रशांत, वर्षा, अंजनी चाचाण, विकास चाचाण जिला कोषाध्यक्ष प्रधानाचार्या दया कंवर व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।----

## लो बीपी की समस्या में खाएं ये चीजें, ब्लड प्रेशर रहेगा कंट्रोल

गलत खानपान और गतिहीन जीवनशैली के कारण लो ब्लड प्रेशर की समस्या आजकल काफी आम हो गई है। आमतौर पर शरीर का नॉर्मल ब्लड प्रेशर 120/80 एमएमएचजी होना चाहिए। लेकिन जब ब्लड प्रेशर 90/60 एमएमएचजी से भी कम हो जाए, तो इसे लो ब्लड प्रेशर कहते हैं। जिस तरह हाई ब्लड प्रेशर सेहत के लिए घातक हो सकता है, उसकी तरह बीपी कम होने से भी कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ब्लड प्रेशर अचानक कम होने के कारण चक्कर, कमजोरी, बेहोशी, आंखों के सामने धुंधलापन, मतली और सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लो ब्लड प्रेशर की समस्या में खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कुछ फूड्स का सेवन करने से लो बीपी को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।



### कॉफी

लो बीपी की समस्या होने पर कॉफी का सेवन करना चाहिए। इसमें मौजूद कैफीन ब्लड प्रेशर बढ़ाने के लिए फायदेमंद माना जाता है। अगर अचानक से बीपी लो हो जाए, तो कॉफी पीने से तुरंत आराम मिल सकता है। खासतौर पर ब्लैक कॉफी पीना बहुत लाभकारी हो सकता है। इसके सेवन से हार्ट रेट को बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे ब्लड प्रेशर नॉर्मल हो जाएगा। अगर कॉफी उपलब्ध ना हो, तो चाय पीना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

### अंडा

अंडे का सेवन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। इसमें प्रोटीन, फोलेट और आयरन जैसे पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो लो बीपी की समस्या में फायदेमंद माने जाते हैं। इसमें मौजूद विटामिन बी-12 रेड ब्लड सेल्स का उत्पादन बढ़ाता है। इसके सेवन से एनीमिया और दिल से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।

### डार्क चॉकलेट

लो ब्लड प्रेशर की समस्या में डार्क चॉकलेट का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसमें फ्लेवनॉल्स मौजूद होता है, जो ब्लड प्रेशर को सामान्य रखने में मदद करता है। अगर अचानक से बीपी लो हो जाए, तो डार्क चॉकलेट खाने से तुरंत राहत मिल सकती है। हालांकि, इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए।

### नींबू पानी या जूस

कई बार शरीर में पानी की मात्रा कम होने से भी ब्लड प्रेशर लो हो जाता है। इसलिए लो बीपी के मरीजों को हमेशा हाइड्रेटेड रहना बहुत जरूरी है। डॉक्टर भी ऐसे लोगों को दिनभर में कम से कम दो लीटर पानी पीने की सलाह देते हैं। अचानक से बीपी कम होने पर आप नींबू पानी, नारियल पानी, जूस या लस्सी का सेवन भी कर सकते हैं। इससे ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहेगा।

### पनीर

लो ब्लड प्रेशर में पनीर खाना भी बहुत फायदेमंद होता है। दरअसल, लो बीपी होने पर अक्सर अधिक नमक वाले फूड्स का सेवन करने की सलाह दी जाती है। ऐसे में अगर बीपी अचानक से कम हो जाए, तो पनीर पर नमक या चाट मसाला डालकर खाया जा सकता है। यह प्रोटीन और फोलेट का एक समृद्ध स्त्रोत है, जिससे ब्लड प्रेशर सामान्य रहता है। इसके सेवन से आपको ताकत भी मिलेगी।

## गर्मी में स्विमिंग करते हुए न करें ये गलतियां

गर्मी का मौसम है। इन दिनों न सिर्फ स्टूडेंट्स, बल्कि वयस्क और युवा भी मन से स्विमिंग करना पसंद करते हैं। यह अच्छी बात है, क्योंकि स्विमिंग एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो शरीर को हेल्दी और एनर्जेटिक बनाए रखती है। यही कारण है कि ज्यादातर लोग एक्सरसाइज के बेतरीन विकल्पों में से एक एक्सरसाइज को समझते हैं। इन तमाम खूबियों के बावजूद गर्मी के दिनों में नियमित रूप से एक्रसाइज करने पर आपकी स्किन को नुकसान पहुंच सकता है। क्या आप जानते हैं, ऐसा क्यों होता है? वास्तव में, ऐसा आपकी कुछ छोटी-छोटी गलतियों की वजह से होता है। आप भी उन गलतियों के बारे में जानें और दोहराने से बचें।

### मॉइस्चराइजर न लगाना

कई लोग ऐसे होते हैं, जो यह नहीं सोचते हैं कि स्विमिंग पूल के पानी में एक किस्म का रसायन इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में अगर आप बिना मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल किए स्विमिंग पूल में चले जाएंगे, तो इससे आपकी स्किन को नुकसान हो सकता है, स्किन में रैशेज हो सकते हैं और ड्राईनेस भी हो सकती है। इस तरह की मसस्या से बचने के लिए जरूरी है कि आप स्विमिंग पूल में जाने से पहले अपनी पूरी बॉडी में मॉइस्चराइजर अप्लाई करें।

### एसपीएफ क्रीम न लगाना

जिस तरह स्विमिंग पूल में जाने से पहले मॉइस्चराइजर लगाना जरूरी होता है, उसी तरह स्कीन प्रोटेक्शन के लिए एसपीएफ क्रीम भी जरूरी है। एसपीएफ क्रीम मूल रूप से आपको सनबर्न से बचाता है। इसी तरह अगर आपका स्विमिंग पूल ओपन एरिया में है, तो स्विमिंग के दौरान सूरज की तेज तपिश और स्विमिंग पूल के पानी की वजह से स्किन को प्रॉब्लम हो सकती है। ऐसे में एसपीएफ क्रीम की मदद से आप अपनी स्किन को स्पेशल प्रोटेक्शन दे सकते हैं।

### तुरंत शॉवर न लेना

कई लोगों को ऐसा करते हुए देखा गया है कि स्विमिंग करने के तुरंत बाद साफ पानी से शॉवर नहीं लेते हैं। यहां तक कि कई लोग, तो ऐसे भी हैं, जो स्विमिंग के बाद नहाना भी जरूरी नहीं समझते हैं। शायद आप न जानते हों, स्विमिंग के बाद न नहाने से आपकी स्किन को काफी नुकसान हो सकता है। दरअसल, स्विमिंग में क्लोरिन का यूज किया जाता है। अगर आप स्विमिंग के बाद साफ पानी से नहीं नहाते हैं, तो इससे आपकी पूरी बॉडी में क्लोरीन लग सकता है, जिससे स्किन ड्राई हो जाती है। इतना ही नहीं, क्लोरीन वॉटर आपके बालों को भी ड्राई, फ्रीजी कर सकती है।



### धुला स्विम सूट न पहनना

स्विमिंग के दौरान, स्विम सूट तो धुल ही जाएगा। फिर भला इसे धोने की क्या जरूरत है? क्या आप भी ऐसी ही सोच रखते हैं? आपको बता दें, स्विम सूट में क्लोरीन का पानी लगता है। क्लोरीन अगर सूट में सूख जाता है और आप उसे रियूज करने से पहले धोते नहीं हैं, तो आपकी स्किन रैशेज या खुजली की समस्या हो सकती है। इसके अलावा, अगर स्विमिंग पूल में किसी तरह का दूषित पदार्थ होगा, तो वह आपके शरीर में भी घुस सकता है। जाहिर है, यह आपके स्किन और आपके हेल्थ के लिए सही नहीं होगा। इसलिए, जब भी स्विमिंग के लिए जाएं, धुला स्विम सूट पहनकर ही जाएं। स्विम सूट को धोने के लिए कपड़े धोने वाला साबुन यूज करें और उसे अच्छी तरह पानी में खंगालें। इसके बाद सूखने के लिए धूप में डालें। साफ़-सुथरा स्विम सूट ही पहनें।

## खून की कमी दूर करता है व्हीट ग्रास जूस

पर्याप्त पोषण न लेने की वजह से शरीर में कई तरह के रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। व्यक्ति के शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं और सफेद रक्त कोशिकाएं होती है, जब शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं व हीमोग्लोबिन में कमी आती है, तो इसे एनीमिया (खून की कमी) कहा जाता है। इस रोग में व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। जिसके कारण व्यक्ति को बाहरी संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है। खून की कमी होने पर व्यक्ति को पूरा दिन थकान महसूस हो सकती है। साथ ही, व्यक्ति को कमजोरी और सांस लेने में भी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वैसे तो आप अपनी डाइट में बदलाव कर इस समस्या को दूर कर सकते हैं। लेकिन, इसके लिए व्हीटग्रास को भी एक कारगर उपाय माना जाता है। व्हीटग्रास के जूस से आप खून की कमी दूर कर सकते हैं।

**पोषक तत्वों से भरपूर :** व्हीटग्रास गेहूं के पौधे की घास होती है। इसके जूस से आप खून की कमी को दूर कर सकते हैं। व्हीटग्रास पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसमें विटामिन ए, विटमिन सी व विटामिन ई के अलावा आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम और मिनरल्स पाए जाते हैं। यह क्लोरोफिल का भी एक बेहतरीन स्रोत माना जाता है, क्लोरोफिल खून बनने में मदद करता है।



**आयरन से भरपूर :** व्हीटग्रास के जूस में मौजूद पोषक तत्व एनीमिया की समस्या को दूर करने में सहायक होते हैं। व्हीटग्रास जूस में आयरन की मात्रा अधिक होती है। आयरन लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण होता है। रक्त में मौजूद लाल रक्त कोशिकाएं ऑक्सीजन को शरीर के अन्य अंगों तक पहुंचाती है। इसके साथ ही आयरन हीमोग्लोबिन का ही एक कम्पोनेंट होता है, जो खून की कमी को दूर करने में मददगार साबित होता है।

**पाचन क्रिया में सुधार :** व्हीटग्रास के नियमित सेवन से आप पाचन क्रिया को दुरस्त कर सकते हैं। इससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है, जिससे संक्रमण का जोखिम कम हो जाता है।

## बच्चे इन संकेतों से बताते हैं कि उन्हें है ज्यादा प्यार और अटेंशन की जरूरत

बच्चे हमेशा पेरेंट्स के लाड़ और प्यार के भूखे होते हैं। माता-पिता के रूप में आप हमेशा यही चाहते हैं कि आप अपने बच्चे के लिए सबसे अच्छा करें। आप चाहते हैं कि वे खुश व स्वस्थ रहें और जीवन में सफल हों। बच्चों की ख्वाहिशें और जरूरतों को पूरा करने के चक्कर में कई बार पेरेंट्स बच्चों को पर्याप्त समय और वो प्यार नहीं दे पाते, जिसकी उन्हें आवश्यकता होती है। ऐसे में बच्चे पेरेंट्स का प्यार और साथ पाने के लिए ऐसा व्यवहार करने को मजबूर हो जाते हैं, जो उन्हें जिद्दी और बागी बना सकता है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों द्वारा किए जाने व्यवहार और लक्षणों को पेरेंट्स समझें और उसे नजरअंदाज करने की भूल न करें। तो चलिए जानते हैं बच्चे के ऐसे संकेतों के बारे में, जिससे पता लगाया जा सकता है कि आपके बच्चे को अधिक प्यार और अपनेपन की आवश्यकता है।

**दूसरों के साथ एडजस्ट न होना :** जब बच्चा परिवार या दोस्तों के साथ रहने से इंकार करे या उनसे दूरी बना ले, तो समझिए वे आपका ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है। बच्चों को ऐसा लग सकता है कि वह आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए दूसरों से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। उनके साथ एडजस्ट करने में परेशानी महसूस कर सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि पेरेंट्स बच्चों की बात समझें और कुछ समय उनके साथ बिताएं।



**घर या स्कूल में नखरे करना :** बच्चे अपनी भावनाओं को प्रकट करने के लिए कई तरीके अपना सकते हैं। जैसे स्कूल या घर में ड्रामा करना, दोस्तों और भाई-बहनों के साथ झगड़ा करना या नखरे दिखाना। यदि आपके बच्चे में ऐसे संकेत या लक्षण दिखाई दे रहे हैं, तो समझिए उसे आपके एक्स्ट्रा प्यार की आवश्यकता है। बच्चे हमेशा ही पेरेंट्स का अटेंशन गेन करने की कोशिश करते हैं, जिसके लिए वह अपने व्यवहार के विरुद्ध भी जा सकते हैं।

**दूसरों को तंग करना :** जब आपका बच्चा जरूरत से ज्यादा तंग करने लगे, तो समझिए आपको उसे अधिक प्यार और ध्यान देने की आवश्यकता है। हो सकता है कि बच्चा हर समय आपकी गोद में बैठना चाहे, आपके बिस्तर पर सोना चाहे या हमेशा आपके आसपास रहना चाहे। जब आप दूसरों से बात कर रहे हों या अन्य गतिविधियों में लगे हों, तो वे आपको डिस्टर्ब करने का प्रयास करे। ऐसा व्यवहार बच्चा पेरेंट्स का अटेंशन पाने के लिए करता है।

**दूसरों से ईर्ष्या करे :** यदि आपका बच्चा उन लोगों से ईर्ष्या करता है, जो उससे अधिक आपका ध्यान आकर्षित करते हैं जैसे-छोटा या बहन, तो ये एक संकेत है कि वे आपका अधिक अटेंशन पाना चाहता है। पेरेंट्स को ये सुनिश्चित करना जरूरी है कि प्रत्येक बच्चे को पर्याप्त व्यक्तिगत समय और ध्यान दें, ताकि बच्चा उपेक्षित और अकेला महसूस न करे।

**अधिकतर दुखी रहे :** बच्चे कई बार उपेक्षित महसूस कर सकते हैं। उन्हें लगता है कि पेरेंट्स उन्हें पर्याप्त समय और प्यार नहीं दे रहे हैं। ऐसे में वे छोटी-छोटी बातों पर रोने लगते हैं या नाराजगी दर्शाने लगते हैं। इससे बच्चे में असुरक्षा और लो-कॉन्फीडेंस की भावना पैदा हो सकती है। वह अधिकतर अकेला और दुखी महसूस करते हैं।

**करते हैं डे-ड्रीमिंग :** बोर होने पर बच्चे डे-ड्रीमिंग (दिन में सपने देखना) करते हैं। इससे उनका दिमाग भटकता है और वह अपने आसपास एक सपनों की दुनिया बना लेते हैं। जब आपके बच्चे को घर में पर्याप्त मेंटल एक्टिविटी नहीं मिल पाती, तो वह ऐसा व्यवहार करने लगते हैं। बच्चों को डे-ड्रीमिंग से बचाने के लिए पेरेंट्स बच्चे के साथ मजेदार एक्टिविटी करने की कोशिश करें, जो उनके दिमाग को व्यस्त रखें और बोरियत को रोकने में मदद करें।

## पेट फूलने और गैस से परेशान रहते हैं, तो रात में न खाएं ये सब्जियां

गलत खानपान और खराब जीवनशैली की वजह से पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है। जब पाचन तंत्र ठीक से काम नहीं करता है, तो पेट में गैस, कब्ज और ब्लोटिंग आदि समस्याएं होती हैं। आजकल काफी लोग ब्लोटिंग यानी पेट फूलने की समस्या से परेशान रहते हैं। ज्यादा तला-भुना खाना, एक्सरसाइज न करना, खाना खाने के तुरंत बाद सो जाना और हार्मोनल असंतुलन ब्लोटिंग के कुछ प्रमुख कारण हो सकते हैं। ब्लोटिंग होने पर पेट गुब्बारे की तरह फूल जाता है। साथ ही, पेट में दर्द और गैस की शिकायत भी हो सकती है। इसकी वजह से व्यक्ति काफी असहज महसूस करता है। अगर आप ब्लोटिंग से बचना चाहते हैं, तो आपको अपने खानपान में बदलाव करने की आवश्यकता है। कुछ सब्जियां ऐसी होती है, जिन्हें खाने से आपको पेट में गैस और ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है। खासतौर पर रात में जब पाचन धीमा हो जाता है, तो इन्हें पचाना अधिक कठिन होता है।

### गोभी

गोभी एक क्रूसिफेरस सब्जी है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। हालांकि, इसमें रैफिनोज मौजूद होता है, जिसे पचाना काफी मुश्किल होता है। अगर आप डिनर में गोभी खाते हैं, तो इसे पचने में अधिक समय लगेगा। इससे पेट में गैस और ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है। साथ ही, आपकी रात की नींद भी डिस्टर्ब हो सकती है।

### प्याज

हम सभी अपनी दाल और सब्जी में तड़का लगाने के लिए प्याज का इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग सलाद में कच्चा प्याज खाना पसंद करते हैं। लेकिन इसमें फ्रुक्टेन होता है, जो गैस और पेट फूलने का कारण बन सकता है। प्याज में फाइबर भी अधिक मात्रा में होता है, जिससे ये समस्याएं बढ़ सकती हैं। अगर आपको ब्लोटिंग की समस्या है, तो रात के खाने में प्याज खाने से बचें।

### आलू

आलू अधिकतर लोगों की फेवरेट सब्जी होती है। लेकिन कुछ लोगों के लिए इसे पचाना मुश्किल हो सकता है। दरअसल, इसमें स्टार्च मौजूद होता है, जो गैस और ब्लोटिंग पैदा कर सकता है। अगर आप रात में आलू खाते हैं, तो इसे पचाने में अधिक समय लगता है।


### लहसुन

लहसुन कई पोषक तत्वों और औषधीय गुणों से भरपूर होता है। यही वजह है कि इसे एक सुपरफूड माना जाता है। हालांकि, इसे रात में खाने से परहेज करना चाहिए। दरअसल, इसमें फ्रुक्टेन होता है, जो ब्लोटिंग और गैस पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं, यह एसिड रिफ्लक्स का कारण भी बन सकता है।



### मटर

मटर में एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। लेकिन इसमें हाई फाइबर और फ्रुक्टोज भी होता है, जो पेट में गैस और ब्लोटिंग पैदा कर सकता है। इसके अलावा, इसमें शुगर अल्कोहल भी होता है, जो पाचन संबंधी समस्याओं का कारण बंद सकता है। इसलिए आपको रात में मटर खाने से बचना चाहिए।



## प्रेग्नेंसी में इन फलों को अपनी डाइट में करें शामिल, मां और बच्चा दोनों रहेंगे स्वस्थ



किसी भी महिला के लिए प्रेग्नेंट होना उसके जीवन के सुखद अनुभवों में से एक होता है। हालांकि गर्भावस्था के दौरान मां और बच्चे को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। हर महिला अपने लिए सुरक्षित और स्वस्थ गर्भावस्था की चाह रखती है। लेकिन इस दौरान सबसे बड़ी समस्या होती है वह प्रेग्नेंट महिलाओं की डाइट में कौन-से फ्रूटस शामिल करना चाहिए। साथ ही किन फलों के सेवन से उन्हें परहेज करना चाहिए।

**पपीता :** हालांकि पपीता पोषक तत्वों से भरपूर होता है। पपीता में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है। साथ ही यह सेहत के लिए भी हेल्दी फल होता है। लेकिन प्रेग्नेंसी के दौरान पपीते का सेवन करने से बचना चाहिए। पपीते में लैक्टेस मौजूद होता है। जिसके कारण गर्भाशय में संकुचन, रक्तस्राव और यहां तक कि मिसकैरेज भी हो सकता है। इसलिए गर्भावस्था में पके व कच्चे पपीते के सेवन से परहेज करना चाहिए।

**अनानास :** अनानास एक बेहद स्वादिष्ट और रसीला फल होता है। यह फल सेहत के लिए भी अच्छा होता है। लेकिन गर्भावस्था में इस फल के सेवन से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि अनानास में ब्रेमलीन एंजाइम मौजूद होता है। जिसकी वजह से समय से पहले प्रसव हो सकता है। इसलिए गर्भावस्था के दौरान अनानास खाने से बचना चाहिए।

**अंगूर :** आमतौर पर प्रेग्नेंट महिलाओं को अपनी डाइट में अंगूर को भी नहीं शामिल करना चाहिए। अंगूर में रेस्वेराट्रोल नामक एक यौगिक पाया जाता है। यह महिलाओं की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके सेवन से मां और बच्चे दोनों की सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है।

**केला :** केले का सेवन गर्भावस्था के दौरान काफी फायदेमंद माना जाता है। केला कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होता है। यह महिलाओं को ऊर्जावान बनाए रखने में मदद करता है। केले को आप अपनी डाइट में कई तरीके से शामिल कर सकते हैं। हालांकि अगर आपको एलर्जा या डायबिटीज की समस्या है तो प्रेग्नेंसी के दौरान आपको केला का सेवन करने से पहले एक्सपर्ट्स से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

**सेब :** गर्भावस्था के दौरान सेब का सेवन काफी फायदेमंद माना जाता है। सेब में पोटैशियम और आयरन पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। जो महिलाओं के शरीर में पोषक तत्वों की जरूरतों को पूरा करने में मदद करता है।

**संतरा :** संतरे में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। इसके अलावा सेब में फोलेट भी पाया जाता है। यह गर्भ में पलने वाले बच्चे के विकास में सहायक होता है।

## इन समस्याओं वाले लोगों को नहीं करना चाहिए त्रिफला का सेवन, सेहत को हो सकता है नुकसान

आयुर्वेद में त्रिफला का इस्तेमाल कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। खासतौर पर पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में त्रिफला बहुत प्रभावी उपचार है। त्रिफला तीन आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों- आंवला, हरड़ और बहेड़ा को मिलाकर बनता है। इस मिश्रण में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। इसमें विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं। यह शरीर में त्रिदोष (वात, पित्त और कफ) के संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है। इसका सेवन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसके नियमित सेवन से इम्यूनिटी मजबूत होती है और कई बीमारियों से बचाव होता है।

**गर्भावस्था के दौरान न करें त्रिफला का सेवन :** प्रेगनेंट महिलाओं को त्रिफला का सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, इसकी तासीर गर्म होती है और गर्भावस्था के दौरान गर्म चीजों के ज्यादा सेवन से गर्भपात का खतरा रहता है। इसके अलावा, स्तनपान करवाने वाली महिलाओं को भी त्रिफला का सेवन करने से परहेज करना चाहिए। इससे आपके शिशु को दस्त की समस्या हो सकती है।

**दस्त होने पर न खाएं त्रिफला चूर्ण :** पेट से जुड़ी समस्याओं में त्रिफला चूर्ण का सेवन लाभकारी माना जाता है। लेकिन ध्यान रखें कि इसका ज्यादा सेवन करने से पेट खराब हो सकता है। दरअसल, गर्म तासीर होने की वजह से यह पेट की गर्मी को बढ़ा सकता है। त्रिफला का ज्यादा सेवन करने से पेट में दर्द की समस्या हो सकती है। इसके अलावा, अगर आपको दस्त लगे हुए हैं, तो त्रिफला का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए। इसका ज्यादा सेवन आपकी स्थिति को और अधिक बिगाड़ सकता है।

**वजन कम होने पर न खाएं त्रिफला चूर्ण :** त्रिफला का सेवन वजन घटाने के लिए फायदेमंद माना जाता है। लेकिन अगर आपका वजन पहले से ही कम है, तो आपको त्रिफला का ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अधिक सेवन से लगातार वजन घटने की समस्या हो सकती है। इसकी वजह से आपको कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए अगर आपका बेवजह वजन कम हो रहा है, तो त्रिफला का सेवन करने से बचें।

**अनिद्रा की शिकायत में न करें त्रिफला का सेवन :** अगर आपको अनिद्रा की शिकायत है, तो त्रिफला का सेवन करने से बचें। इसका सेवन करने से आपको रात में नींद लेने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नींद पूरी न होने के कारण चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए नींद से जुड़ी समस्या होने पर त्रिफला का सेवन नहीं करना चाहिए।



**अगर एलर्जी है तो न करें त्रिफला का सेवन :** जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव है, उन्हें त्रिफला का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, अगर आपको किसी नई चीज से एलर्जी हो जाती है, तो आपको त्रिफला का सेवन कम करना चाहिए। अगर त्रिफला खाने के बाद आपको पेट में दर्द, उल्टी या पित्त जैसे लक्षण दिखाई दें, तो इसका मतलब यह हो सकता है कि आपको त्रिफला से एलर्जी है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION NEEMKATHANA

क्रमांक:- 630-39 दिनांक- 12-05-2026

**Notice Inviting Bid No. 04/2026-27**

Bids for 04 (Four Nos) Work are invited from interested bidders upto 06:00 PM 25.05.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 300.00 NIB No. PWD2627A0457 UBN PWD2627WSRC02143, PWD2627WSRC02144, PWD2627WSRC02145, PWD2627WSRC02146

Executive Enginer
DIPR/C/8471/2026 PWD Dn. Neemkathana

## आम सूचना

Au small finance bank शाखा सरदारशहर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद खालिद पुत्र अब्दुल रहमान सब्जिफरोस निवासी सरदारशहर जिला चूरू अपनी व्यवसायिक जायदाद तादादी 560 वर्ग फिट वाके वार्ड नम्बर 31, तहसील सरदारशहर जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 19.01.2021 को निजामुद्दीन पुत्र नजीरुद्दीन व अजहरुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन बिसायती से खरीद शुदा है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Au small finance bank शाखा सरदारशहर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहती है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Au small finance bank शाखा सरदारशहर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**

## कार्यालय अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह (प्रिंस एकेडमी के पास पालवास रोड) सीकर

ई-मेल-dcrsikar@gmail.com मो. 7023366405
क्रमांक:-एफ/निविदा/2026-2027/308 दिनांक- 13-5-2026

**खुली निविदा/ 2026-27**

NIB CODE-

अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह पालवास रोड सीकर में वित्तीय वर्ष 2026-2027 (01.06.2026 to 28.02.2026) हेतु जॉब बेसिस/विजिटिंग बैसिस सेवाओं के विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक जो कि राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी), आयकर (पैन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत हो, से निम्नलिखित प्रकार की मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. सं सेवा का विवरण | अनुमानित लागत रूपये | 2 प्रतिशत धरोहर राशि | निविदा शुल्क | निविदा प्रपत्र विक्रय की दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम दिनांक तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह सीकर के लिए | 4,83,000/- | 9660 | 500/- | 13-05-2026 to 20-05-2026 कार्यालय समय | 21-05-2026 UP TO 11:00 AM | 21-05-2026 11:30 AM |
| 1. रसोईया (1) | | | | | | |
| 2. सफाई कर्मचारी (1) | | | | | | |
| 3. कम्प्यूटर मशीन विद मैन (1) | | | | | | |
| किशोर न्याय बोर्ड सीकर के लिए | | | | | | |
| 4. कम्प्यूटर मशीन विद मैन (1) | | | | | | |
| बाल कल्याण समिति सीकर के लिए | | | | | | |
| 5. कम्प्यूटर मशीन विद मैन (1) | | | | | | |

1. निविदा द्विस्तरीय है- (1) तकनीकी निविदा (2) वित्तीय निविदा
2. धरोहर राशि 9660/- का डी.डी./बैंकर चैंक तकनीकी निविदा के साथ प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निर्धारित प्रपत्रों में ही निविदा स्वीकार की जायेगी।
4. निविदा प्रपत्र एवं संबंधित दस्तावेज निर्धारित तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में निविदा शुल्क 500/- का डीडी जमा करवाकर प्राप्त कर सकते हैं या dcrsikar@gmail.com या http://sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड किये जाने पर तकनीकी निविदा के साथ निविदा शुल्क 500 रू का डीडी, अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह सीकर के नाम से प्रस्तुत किया जाये। निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष विभागीय उपापन समिति द्वारा खोली जावेगी। तकनीकी बोली में सफल निविदादाता की ही वित्तीय बोली खोली जावेगी।

(श्रीमती रूकमणी गढवाल)
अधीक्षक
राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह
सीकर

DIPR/C/8555/2026

## कार्यालय ग्राम पंचायत नवलड़ी
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/54 दिनांक :- 12-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0182 | ZJU2627GLRC 00356 | 2026_PRD_ 559449_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत नवलड़ी
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नवलड़ी
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत मोहनवाड़ी
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/15 दिनांक :- 14-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0183 | ZJU2627GLRC 00357 | 2026_PRD_ 559644_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत मोहनवाड़ी
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मोहनवाड़ी
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत झाझड़
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/60 दिनांक :- 15-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0186 | ZJU2627GLRC 00360 | 2026_PRD_ 559695_1 |
| 2 | ग्राम पंचायत झाझड़ में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 10.00 | ZJU2627A 0189 | ZJU2627WSOB 00362 | 2026_PRD_ 559711_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत झाझड़
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत झाझड़
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढाणिया
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/149 दिनांक :- 13-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 40.00 | ZJU2627A 0179 | ZJU2627GLRC 00353 | 2026_PRD_ 559441_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढाणिया
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढाणिया
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत चैलासी
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/65 दिनांक :- 13-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0180 | ZJU2627GLRC 00354 | 2026_PRD_ 559439_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत चैलासी
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चैलासी
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत बाय
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/50 दिनांक :- 15-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0185 | ZJU2627GLRC 00359 | 2026_PRD_ 559672_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत बाय
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बाय
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

